डाक पंजीयन सं. जयपुर सिटी/ 110/2024-26

R.N.I. NO. RAJHIN/2006/16735 राजस्थान एवं केन्द्र सरकार से विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त

website: www.royalpatrika.com
G-mail: royalpatrika@gmail.com
Yahoo: royal_patrika@yahoo.com

रॉयल पत्रिका मंगवाने के लिए संपर्क करें - 9799559096 0141-4982834

# रॉयल पत्रिका

प्रशासनिक सेवाओं की तैयारी कैसे करें? और सरकारी नौकरियों की जानकारी के लिए पढ़ें पृष्ठ 5

वर्ष : 20 | अंक : 46 | पेज: 08 | जयपुर, सोमवार, 15 दिसम्बर से 21 दिसम्बर 2025 | साप्ताहिक | मूल्य: 7 रुपए

## भ्रष्टाचार की जांच कमेटी बनाना समय बर्बाद करना है







**एम. खान**

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। विधायक निधि में भ्रष्टाचार को लेकर मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने वरिष्ठ अधिकारियों की एक जांच कमेटी बनाई है। विधायक निधि में भ्रष्टाचार के मामले में विधायक, अधिकारी दोनों शामिल हैं, सरकार को चलाने वालों में विधायक और अधिकारी दोनों शामिल होते हैं। जांच कमेटी में भी अधिकारी शामिल हैं। जिनको अधिकारियों और विधायकों के खिलाफ जांच करनी है। जांच में नया क्या बताया जाएगा ? जबकि सब कुछ पत्रकारों के वीडियो में कैद हैं। यदि विस्तृत जांच हुई तो उसमें ज्यादातर विधायक और छोटे से लेकर बड़े अधिकारियों पर जांच आना शुरू हो जायेँगी। जब ज्यादातर विधायक और अधिकारियों पर भ्रष्टाचार में कार्यवाही की जायेँगी तो सरकार कैसे चलेगी ? ऐसी स्थिति में जांच के कोई मायने नहीं हैं। सभी को पता है कि विधायक निधि ही नहीं, हर सरकारी योजना में धड़ल्ले से भ्रष्टाचार हो रहा है। अंतर सिर्फ इतना है कि तीनों विधायकों के कारनामे कैमरे में कैद हैं, जबकि दूसरी भ्रष्टाचार की कारगुज़ारी छिपे तरीके से होती है। लेकिन आम आदमी, सुरक्षा एजेंसियों, जांच एजेंसियों, उच्चाधिकारियों, नेताओं को भ्रष्टाचार की पूरी जानकारी है। इसलिए भ्रष्टाचार को रोकने, कम करने और भ्रष्टाचारियों को सजा देने के लिए जांच कमेटियाँ बनाना सिर्फ समय की बर्बादी है। भ्रष्टाचार सब जगह है, जिसको समाप्त नहीं किया जा सकता है। भ्रष्टाचार तब ही समाप्त हो सकता है जब देश की जनता, नेता, मंत्री, आईएएस, आईपीएस पुलिस, राजनीतिक पार्टियों के कार्यकर्ता यह सोच लें कि देश को विकसित करना है, भारत को चीन, अमेरिका, रूस, जापान से आगे ले जाना है। देश की न्यायपालिकाओं में न्याय होने लगे। वर्तमान में न्यायालय आदेश ज्यादा पारित कर रहे हैं, उनमें न्याय कम दिखाई दे रहा है। भ्रष्टाचार देश के सिस्टम में घुल मिल गया है।

**नगर निगम जयपुर में भ्रष्टाचार**

नगर निगम जयपुर की ओर से प्रति वर्ष सड़कों, नालियों, भवनों,




शौचालयों, ऑफिसों, सामुदायिक भवनों, लिंक सड़कों आदि का निर्माण करवाया जाता है जिन पर हजारों करोड़ रुपए खर्च किए जाते हैं। यदि नगर निगम के कार्यों का फिजिकल वेरिफिकेशन करवाया जाए तो नगर निगम से संबंधित कर्मचारी, अधिकारी, पार्षद, विधायक और मंत्री तक कोई भी ऐसा नहीं मिलेगा जिसके पास भ्रष्टाचार का प्रसाद नहीं पहुंचा हो। विधायक निधि में तो विधायकों, ठेकेदारों और अधिकारियों द्वारा 70 प्रतिशत भ्रष्टाचार की राशि हड़पी जाती है। लेकिन नगर निगम में कागजों में ही सड़कें, भवन निर्माण और नालियों, सीवर लाइनों का निर्माण हो जाता है और 100 प्रतिशत राशि डकार ली जाती है।

नगर निगम में झाड़ू लगाने से लेकर कचरा उठाई और ढुलाई तक सब में भ्रष्टाचार दिखाई दे रहा है। गलियाँ गंदगी से भरी पड़ी हैं जिसके कारण बीमारियां फैल रही हैं। लेकिन कागजों में सब कुछ ठीक-ठाक दिखाई दे रहा है। नगर निगम जयपुर एक ऐसा विभाग है जहां आम आदमी की कोई सुनवाई नहीं होती है। फिर भी सरकार और विभाग अपनी उपलब्धियां बताने से पीछे नहीं रहते हैं। इसलिए कहा जा सकता है कि तीनों विधायकों द्वारा विधायक निधि की राशि में भ्रष्टाचार की जांच करना या जांच के लिए कमेटी बनाना समय की बर्बादी होगी। यदि भ्रष्टाचार रोकने हैं तो इसके लिए बड़ा अभियान चलाना चाहिए, जो संभव नहीं है।

## कांग्रेस की रैली में पीएम मोदी के खिलाफ लगे विवादित नारे, भड़की भाजपा

नई दिल्ली। संसद के शीतकालीन सत्र के बीच राजधानी का सियासी पारा आसमान छूने लगा है। रामलीला मैदान में कांग्रेस सरकार की रैली के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नाम लेकर विवादित नारे लगाए गए, जिसे लेकर अब बीजेपी ने सवाल उठाना शुरू कर दिया है। बीजेपी का कहना है कि पीएम मोदी के खिलाफ विवादित नारों ने कांग्रेस के उद्देश्य को साफ कर दिया है। वो पीएम मोदी को हटाना चाहते हैं। कांग्रेस कार्यकर्ताओं के विवादित नारों के वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं। इसे लेकर अब सियासी घमासान छिड़ गया है। बीजेपी ने भी कांग्रेस पर पलटवार करना शुरू कर दिया है।




**बीजेपी ने दिया जवाब**

बीजेपी नेता शहजाद पूनावाला ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट शेयर करते हुए कहा, "अब इनका एजेंडा साफ हो गया है। यह SIR की बात नहीं है, यह संविधान पर वार का मामला नहीं है। SIR का नाम लेकर वो पीएम मोदी को हटाना चाहते हैं? हाल ही में राहुल गांधी ने चुनाव आयोग को धमकी दी थी। कांग्रेस 150 से ज्यादा बार पीएम मोदी को गाली दे चुकी है।"

**रामलीला मैदान में रैली का आयोजन**

बता दें कि दिल्ली के रामलीला मैदान में कांग्रेस की "वोट चोर-गद्दी छोड़" रैली का भव्य आयोजन हुआ था। लाखों की संख्या में लोग इस रैली में पहुंचे। इस दौरान वोट चोरी और SIR के खिलाफ अभियान शुरू किया गया था। पूरे देश में कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता इस रैली में शिरकत करने के लिए दिल्ली पहुंचे हैं।

**बीजेपी नेता संबित पात्रा ने क्या कहा?**

बीजेपी के प्रवक्ता संबित पात्रा के अनुसार, "यह हमारे प्यारे नेता का अपमान है, जिसे हम बर्दाश्त नहीं करेंगे। मैंने अभी तक यह नारा नहीं सुना है। अगर सचमुच ऐसे नारे लगाए गए हैं, तो यह दर्शाता है कि कांग्रेस अभी भी जनता की मर्जी को नहीं समझ पाई है। उन्होंने जब भी पीएम मोदी और उनके परिवार के खिलाफ अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया, जनता ने उन्हें रिजेक्ट कर दिया।"

**राहुल गांधी ने कहा-पीएम मोदी का कॉन्फिडेंस खत्म हो गया**

रैली में पार्टी सांसद राहुल गांधी ने कहा कि पीएम मोदी का कॉन्फिडेंस खत्म हो गया है। अमित शाह के हाथ कांपते हैं। वो जानते हैं कि उनकी चोरी पकड़ी गई है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार, सुखबीर सिंह, विवेक जोशी बीजेपी के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। पीएम ने इनके लिए कानून बदला है। हम इस कानून को बदलेंगे और इन लोगों के खिलाफ एक्शन लेंगे। इन लोगों को नहीं भूलना चाहिए कि ये हिंदुस्तान के इलेक्शन कमिश्नर हैं, बीजेपी के नहीं। राहुल गांधी ने कहा कि मोहन भागवत कहते है कि विश्व सत्य को नहीं शक्ति को देखता है। ये आरएसएस की विचारधारा है। मोहन भागवत कहते हैं कि सत्य का मतलब नहीं है, केवल सत्ता जरूरी है। देश में सत्य और असत्य की लड़ाई चल रही है। गांधीजी कहते थे कि सत्य सबसे जरूरी है। हमारे धर्म में सत्य को सबसे जरूरी माना है।

## ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के प्रतिनिधिमंडल ने अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू से की मुलाकात

### *-UMEED पोर्टल पर वक्फ संपत्तियों को अपलोड करने में आ रही समस्याओं पर हुई विस्तृत चर्चा*



नई दिल्ली। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के एक प्रतिनिधिमंडल ने 11 दिसंबर, 2025 को केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू से मुलाकात की। बैठक के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने अपनी कई मांगों वाला एक ज्ञापन भी सौंपा। बैठक में प्रतिनिधिमंडल ने UMEED पोर्टल पर पंजीकृत वक्फ संपत्तियों को अपलोड करने के दौरान आने वाली कठिनाइयों और तकनीकी समस्याओं का विस्तार से उल्लेख किया। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि इन तकनीकी दिक्कतों की वजह से लाखों संपत्तियाँ अपलोड नहीं हो सकीं। उन्होंने कहा कि वक्फ बोर्डों के पास पहले से पंजीकृत संपत्तियों को अपलोड करने की जिम्मेदारी खुद वक्फ बोर्डों की ही होनी चाहिए थी, और इस काम के लिए कम से कम दो साल का समय दिया जाना चाहिए था। इसलिए हम मांग करते हैं कि जो संपत्तियाँ अपलोड नहीं हो सकीं हैं, उनके लिए कम से कम एक वर्ष का अतिरिक्त समय दिया जाए। प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री को अवगत कराया कि वक्फ अधिनियम/UMEED अधिनियम में किए गए संशोधन तथा धारा 3B के तहत UMEED पोर्टल पर विवरण अपलोड करना अनिवार्य किए जाने से मुस्लिम समुदाय पर भारी दबाव और मुश्किलें पैदा हुई हैं।

पहला—सभी पंजीकृत वक्फ संपत्तियों को अपलोड करने के लिए निर्धारित छह माह का समय बेहद कम था। दूसरा—पोर्टल पर विवरण अपलोड करने के दौरान अनेक तकनीकी समस्याएँ और गड़बड़ियाँ सामने आईं। इसलिए सभी संपत्तियों को अपलोड करना अत्यंत कठिन और लगभग असंभव साबित हुआ। इन्हीं कारणों से पंजाब वक्फ बोर्ड, मध्य प्रदेश वक्फ बोर्ड, गुजरात वक्फ बोर्ड और राजस्थान वक्फ बोर्ड ने समय बढ़ाने के लिए ट्रिब्यूनल का रुख किया, और ट्रिब्यूनल ने समय बढ़ाने की अनुमति भी दी। यह स्पष्ट करता है कि स्वयं वक्फ बोर्ड भी छह महीने की समय सीमा का पालन नहीं कर सके और उन्हें भी अतिरिक्त समय की जरूरत पड़ी। इसलिए प्रतिनिधि मंडल ने अनुरोध किया कि मुतवल्लियों की कठिनाइयों को देखते हुए समय सीमा को एक वर्ष और बढ़ाया जाए। प्रतिनिधिमंडल ने यह भी कहा कि अधिनियम में उल्लिखित समय सीमा और पोर्टल लॉन्च होने की वास्तविक तारीख में अंतर है। इसके अलावा UMEED नियम 03/07/2025 को अधिसूचित किए गए थे, और इसी तारीख को अपलोडिंग से जुड़े आवश्यक प्रक्रियाओं और विवरणों की जानकारी दी गई थी। साथ ही, यह भी महत्वपूर्ण है कि मुतवल्लियों और वक्फ बोर्डों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों द्वारा जमा की जाने वाली घोषणा-पत्र (डिक्लेरेशन फॉर्म) भी पहली बार 03/07/2025 को UMEED नियमों के माध्यम से ही अधिसूचित किए गए थे। इसलिए पोर्टल लॉन्च की तारीख—06/06/2025—को अधिनियम के लागू होने की तारीख नहीं माना जा सकता, क्योंकि अधिनियम में इस तारीख का उल्लेख नहीं है। उपरोक्त चुनौतियों और कठिनाइयों को ध्यान में रखते हुए, हम अनुरोध करते हैं कि अधिनियम में उल्लिखित प्रारंभिक छह माह की अवधि को कम से कम एक वर्ष के लिए बढ़ाया जाए। इसके बाद यदि आवश्यकता हो, तो आवेदक समय बढ़ाने के लिए ट्रिब्यूनल का दरवाज़ा खटखटा सकते हैं। प्रतिनिधिमंडल ने आगे कहा कि हम सभी ईमानदारी और पूरी लगन के साथ पोर्टल पर अपलोडिंग प्रक्रिया पूरी करने का प्रयास कर रहे हैं, और हमारा दृढ़ विश्वास है कि यदि प्रारंभिक अवधि को एक वर्ष का अतिरिक्त विस्तार दे दिया जाए, तो सामान्य परिस्थितियों में किसी को भी दोबारा ट्रिब्यूनल जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी—सिवाय किसी असाधारण स्थिति के। अंत में, प्रतिनिधिमंडल ने यह याद दिलाना उचित समझा कि वक्फ अधिनियम/UMEED अधिनियम 1995 और इसकी धारा 113 केंद्र सरकार को यह अधिकार देती है कि अधिनियम के प्रावधानों को लागू करने में उत्पन्न कठिनाइयों को दूर करने के लिए आवश्यक आदेश जारी कर सके। मंत्री ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को अत्यंत गंभीरता और ध्यानपूर्वक सुना और आश्वासन दिया कि इन समस्याओं और कठिनाइयों का समाधान बहुत जल्द निकाल लिया जाएगा।

प्रतिनिधिमंडल में शामिल सदस्य:

- बोर्ड के उपाध्यक्ष — सैयद सादतुल्लाह हुसैनी
- महासचिव — मौलाना मोहम्मद फज़्लुर रहीम मुजद्दिदी
- कार्यकारी सदस्य एवं सांसद — बैरीस्टर असदुद्दीन ओवैसी
- पूर्व सांसद — मोहम्मद अदीब
- जमीयत उलमा-ए-हिंद के महासचिव — मौलाना मुहम्मद हकीमुद्दीन कासमी
- जमीयत उलमा-ए-हिंद (दिल्ली) के महासचिव — मुफ्ती अब्दुर रज़ीक
- बोर्ड सदस्य — फ़ुज़ैल अहमद अय्यूबी (एडवोकेट), हकीम मोहम्मद ताहिर (एडवोकेट) और सुश्री नबीला जमील (एडवोकेट)।

## नितिन नवीन होंगे भाजपा के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष



नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (BJP) के राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव काफी समय से लंबित है। लेकिन अब लग रहा है कि जल्द ही बीजेपी को नया राष्ट्रीय अध्यक्ष मिल जाएगा। रविवार को भारतीय जनता पार्टी ने एक बड़ा फैसला लेते हुए नितिन नवीन को राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाने की घोषणा की है। नितिन नवीन को राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने का मतलब है कि नए अध्यक्ष मिलने तक नितिन नवीन जेपी नड्डा की जिम्मेदारी संभालते नजर आएंगे। आम तौर पर जब चुनाव करीब होता है, तब कार्यकारी बनाए जाते हैं। यह चुनाव से पहले की एक अहम प्रक्रिया है। हालांकि नितिन नवीन को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया जाना, उनको मिली एक बड़ी जिम्मेदारी है। हालांकि बीजेपी में परंपरा है कार्यकारी अध्यक्ष ही पूर्णकालिक अध्यक्ष नियुक्त होते रहे हैं। नितिन नवीन अभी बिहार सरकार में मंत्री हैं। नितिन नवीन भाजपा के सबसे युवा अध्यक्षों में से एक हैं।

**नितिन नवीन को पीएम मोदी ने दी बधाई**

नितिन नवीन को बीजेपी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने पर पीएम मोदी ने उन्हें बधाई दी है। पीएम मोदी ने लिखा- नितिन नवीन ने एक कर्मठ कार्यकर्ता के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। वे एक युवा और परिश्रमी नेता हैं, जिनके पास संगठन का अच्छा-खासा अनुभव है। बिहार में विधायक और मंत्री के रूप में उनका कार्य बहुत प्रभावी रहा है, साथ ही जन-आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए उन्होंने पूरे समर्पण भाव से काम किया है। वे अपने विनम्र स्वभाव के साथ जमीन पर काम करने के लिए जाने जाते हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि उनकी ऊर्जा और प्रतिबद्धता आने वाले समय में हमारी पार्टी को और अधिक सशक्त बनाएगी। भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष बनने पर उन्हें हार्दिक बधाई।

## उमर खालिद को 14 दिन की अंतरिम जमानत मिली

### -बहन की शादी के लिए मिली यह जमानत



नई दिल्ली। लंबे समय से जेल में बंद दिल्ली दंगों के आरोपी उमर खालिद को 14 दिनों की 'आजादी' मिल गई है। बहन की शादी में शामिल होने के लिए दिल्ली की कड़कड़डूमा अदालत ने खालिद को 16 से 29 दिसंबर तक के लिए अंतरिम जमानत दी है। 2020 के नॉर्थ-ईस्ट दिल्ली दंगों के पीछे साजिश के आरोपी जेएनयू के पूर्व स्कॉलर और एक्टिविस्ट उमर खालिद की जमानत याचिका सुप्रीम कोर्ट में भी लंबित है। सर्वोच्च अदालत के फैसले से पहले खालिद को कुछ शर्तों के आधार पर राहत मिली है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश समीर बाजपेयी ने खालिद की याचिका मंजूर की है। इसके लिए खालिद को 20,000 रुपये की निजी प्रतिभूति और और उतनी ही रकम के दो जमानत देने होंगे। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि खालिद को तय शर्तों का पालन करना होगा। अदालत ने कहा है कि जमानत अवधि के दौरान खालिद किसी गवाह या केस से जुड़े किसी भी व्यक्ति से संपर्क नहीं कर सकता है। उमर खालिद के फोन इस्तेमाल को लेकर भी एक शर्त लगाई गई है। अदालत ने कहा कि उसे अपना ऐक्टिव मोबाइल नंबर जांच अधिकारी को देना होगा और जमानत अवधि के दौरान वह इसे स्विच ऑफ नहीं कर सकता। आदालत ने आगे निर्देश दिया कि अंतरिम जमानत अवधि के दौरान सोशल मीडिया का इस्तेमाल न किया जाए। इसने कहा कि खालिद को 'अपने घर पर या उन स्थानों पर रहना होगा जहां उनके द्वारा बताए गए विवाह समारोह आयोजित किए जाएंगे।' अदालत ने खालिद को 29 दिसंबर को संबंधित जेल अधीक्षक के सामने समर्पण करने का आदेश दिया गया है। पिछले साल उसे एक और शादी में शामिल होने के लिए सात दिनों की अंतरिम जमानत दी गई थी। खालिद को 2022 में भी इसी तरह की राहत दी गई थी।






# 'वोट चोर - गद्दी छोड़ रैली' को लेकर की मीटिंग



मनोहरपूर (रॉयल पत्रिका)। नगर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश खुडानियॉ के नेतृत्व मिटिंग का आयोजन किया जिसमे मुकेश खुडानियॉ ने सभी कांग्रेस कार्यकर्ताऔ को एकजुट होकर अधिक से अधिक संख्या मे दिल्ली मे आयोजित महारैली मे शामिल होने का आह्वान किया। ओर कहा लोकतंत्र की लडाई मे शाहपुरा कांग्रेस का हर कार्यकर्ता विधायक मनीष जी यादव व राहुल गांधी जी के साथ खडे है ओर कहा दिल्ली रैली मे चलने के लिए सभी कार्यकर्ता ओर दुसरे कार्यकर्ताऔ को तैयार करे समझाये व उनको प्रेरित करे जिससे सभी लोग स्वरुचि से महारैली मे भाग ले । NSUI के जिलाध्यक्ष निहाल पलसानिया ने भी अधिक से अधिक लोगो को रैली मे चलने को कहा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष असलम कुरैशी विशाल पलसानिया, वकील खान ने कहा हमारे वोटो के अधिकारो की लडाई राहुल गांधी लड रहे है। हम सभी कार्यकर्ताऔ का दायित्व बनता है की हम इसमे बढ चढ कर इस लडाई का हिस्सा बने। इस दौरान हेमन्त वर्मा, मोहन खुडानियॉ, रमेश हल्दूनिया शकील खान, इमरान, राजेश सैनी, जावेद मणियार, बाबुलाल, कुरेशी,सुरेन्द्र टेलर जावेद, फिरोज, मालीराम सैनी, नावेद, नईम कुरेशी, सुभाष कुम्हार, जगदीश कुम्हार, प्रवीण मेहरा, सलमान खान सहीत कई लोग रहे मौजूद।

# ग्रामवासियों ने पूर्व विधायक रामलाल शर्मा का जताया आभार



चौमूं (रॉयल पत्रिका)। सुभाष सर्किल स्थित कार्यालय पर उदयपुरिया और डोला का बास ग्रामवासियों ने सड़क स्वीकृति पर पूर्व विधायक रामलाल शर्मा का आभार व्यक्त किया। ग़ौरतलब है कि एसआरएफ मद से उदयपुरिया में खेजरोली सड़क से नाथू जी खटीक के मकान तक सड़क स्वीकृत और ग्राम गौरी का बास को ग्राम पंचायत बनाए जाने पर ग्रामवासियों द्वारा पूर्व विधायक रामलाल शर्मा का माला, साफा पहनाकर और मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। पूर्व विधायक शर्मा ने सभी ग्रामवासियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। ग्रामवासियों ने पूर्व विधायक रामलाल शर्मा का जताया आभार इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि बाबूलाल नगलिया, पूर्व सरपंच नाथूराम खटिक, पूर्व मंडल अध्यक्ष साधुराम गुर्जर, बनवारी लाल मीणा, मालीराम गुर्जर, अर्जुन लाल खटिक, कृष्ण कुमार सेन, महामंत्री रामस्वरूप बुनकर, जगदीश करीरा, पूरण खारवाल, रामकुवार प्रजापत, नारायण खारवाल, ओमजी टाटला, मंगल प्रजापत, महेंद्र ढाका, सुरेश गोस्वामी, घनश्याम शर्मा, लोकेश गोस्वामी, दिनेश गोस्वामी, छोटू वर्म, रामावतार वर्मा, सोनू गोस्वामी, जीतू गोस्वामी आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

# डोला का बास मण्डा-भिण्डा रीको गेट के पास ओंकारेश्वर धाम में दूसरे दिन नानी बाई का मायरा कथा सुनाई गई



चौमूं (रॉयल पत्रिका)। ग्राम पंचायत डोलाकाबास मंडा रीको गेट के पास स्थित ओकारेश्वर धाम शिव मंदिर पुरोहितों की ढाणी में तीन दिवसीय नानी बाई रो मायरो दूसरे दिन भीकथा का आयोजन शनिवारको नानी बाई का मायरा का विवरण बताया गया। कार्यक्रम संयोजक कैलाश पारीक ने बताया कि कथा 12:00 बजे से 4:00 बजे तक 14 दिसंबर तक नियमित चल रही थी। इस कार्यक्रम नानी बाई का मायरा को लेकर कल समापन एकदिवसीय यज्ञ हवण के साथ होगा। आज नानी बाई रो मायरो कार्यक्रम कथा के विस्तार पूर्वक वर्णन किया गया और 56 भोग के साथ महा आरती की गई गोवंश राधा कृष्ण महाराज जोधपुर के मुखारविंद से नानी बाई रो मायरो का कार्यक्रम किया गया इस कार्यक्रम में भाजपा प्रवक्ता चौमूं पूर्व विधायक रामलाल शर्मा कार्यक्रम में पहुंचकर सभी श्रद्धालुओं को कहा कि ऐसे कार्यक्रम होना जरूरी है क्योंकि ऐसे कार्यक्रम होने से सभी को एक जगह बैठने का अवसर मिलता है साथ में शांति प्रदान होती है। इस कार्यक्रम में पंचायत समिति सदस्य नरेंद्र यादव से पूर्व सरपंच कृष्णकांत जोशी, हरिनारायणआफरिया नेता जगदीश करीरा, रिटायर मैनेजर मालीराम यादव उपाध्यक्ष रामकिशोर मेला, सहित सैकड़ों ग्रामीणजन एवं महिलाएं इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# चौमूं पुलिस की गिरफ्त में क्रिकेट का सट्टा चलाने वाला सरगना



चौमूं (रॉयल पत्रिका)। शहर में पिछले कई सालों से सटे का नेटवर्क चलाने वाले शफी मोहम्मद को आखिर पुलिस ने गिरफ्तार कर ही लिया। ये वही शख्स है जिसने चौमू शहर मे सटे की जड़े चारों तरफ जमा रखी थी। कई नौजवानों को इस स्टोरी ने अपने मोह माया के जाल मे फंसा रखा था। कई परिवार इस सटोरिए के माया जाल से निकल ही नहीं सके क्यों कि इस सटोरिए के संपर्क राजनैतिक, वह स्थानीय थाने के कई पुलिस कर्मियों से थे। इसीलिए ये कभी भी पुलिस की गिरफ्त मे नहीं आ सका। लेकिन जबसे जोशीले sho प्रदीप शर्मा चौमू थाने मे आए हैं मानो तमाम सटोरियों की रातों की निंद ही छीन गई हो। हर काले कारनामे करने वाले या तो चौमू छोड़कर कही और चले गए या फिर वो भूमिगत हो गए। sho प्रदीप शर्मा ने चौमू शहर को मानो क्राइममुक्त करने की ठान ली है। क्यों कि पहली बार पुलिस ने ईमानदारी से काम किया है। जिसकी प्रशंसा पूरे चौमू शहर मे हर जगह हो रही है। sho प्रदीप शर्मा के आने के बाद ऐसा लगता है कि अब शायद चौमू शहर के अच्छे दिन आने वाले हैं अब चौमू थाने मे भी निड़र पुलिस कर्मी लगे हुए हैं जो बगैर कोई खौफ खाए मुलजिमों को पकड़ रहे है। अगर इसी तरह से चौमू पुलिस इन सटोरियों पर अपनी नकेल कसी रखे तो आने वाले दिनों में चौमू थाना जयपुर जिले मे पहला क्राइममुक्त थाना होगा। हमारी तिरछी नज़र भी इन सटोरियों पर बनी हुई है अंत मे sho प्रदीप शर्मा का दिल से धन्यवाद।

# सवाई माधोपुर की वक्फ संपत्तियां उम्मीद पोर्टल पर ऑनलाइन दर्ज

## -जिला वक्फ कमेटी ने सहयोगियों का किया सम्मान

**शादाब अली**




सवाई माधोपुर (रॉयल पत्रिका)। भारत सरकार द्वारा वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 के तहत वक्फ संपत्तियों के ऑनलाइन पंजीकरण के लिए उम्मीद पोर्टल लागू किया गया है। इसके अंतर्गत सवाई माधोपुर जिले की सभी वक्फ संपत्तियों का सफलतापूर्वक ऑनलाइन पंजीकरण किया गया है। जिला वक्फ कमेटी सवाई माधोपुर के सदस्य असरार अहमद एडवोकेट ने बताया कि इस कार्य में जिले के बुजुर्गों एवं नौजवानों ने मिलकर दिन-रात मेहनत की और अधिक से अधिक भागीदारी निभाई। उनकी हौसला अफजाई के लिए जामा मस्जिद शहर में स्वागत एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला अल्पसंख्यक अधिकारी मनोज कुमार मीणा रहे। वहीं सरफुद्दीन बेग (स्टेट कन्वीनर), मौलवी नोमान साहब, शहर काज़ी निसार उल्लाह, पूर्व सदर जिला वक्फ कमेटी मोहम्मद उमर तथा सचिव जिला वक्फ कमेटी सईद अहमद विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अल्पसंख्यक अधिकारी मनोज कुमार मीणा ने कहा कि सवाई माधोपुर में आपसी प्रेम, विश्वास और सहयोग से बड़ी संख्या में वक्फ संपत्तियों का ऑनलाइन पंजीकरण हुआ है, जो सराहनीय है। सरफुद्दीन बेग ने कहा कि राजस्थान के सभी जिलों में उम्मीद पोर्टल पर कार्य हुआ है, लेकिन सवाई माधोपुर ऐसा जिला है जहां संगठित रूप से मिशन भावना के साथ कार्य किया गया। उन्होंने इसे राजस्थान में युवाओं के सम्मान के लिए जिला स्तर पर आयोजित पहला कार्यक्रम बताया। मौलवी नोमान ने कहा कि जब साफ नीयत और सही तरीके से कार्य किया जाता है तो सफलता अवश्य मिलती है, जिसका उदाहरण सवाई माधोपुर है। अब्दुल हासिब एडवोकेट ने बताया कि इस अभियान की शुरुआत शहर क़ाज़ी निसार उल्लाह के मार्गदर्शन में हुई। इसमें डॉ. अकरम, मोहम्मद उमर, जिला वक्फ कमेटी के पदाधिकारी एवं अनेक सामाजिक कार्यकर्ताओं ने संगठित होकर योगदान दिया। सम्मान समारोह में हाफिज शादाब, इरशाद अली, ताहिर खान, इस्लामुद्दीन रि.गिरदावर, अब्दुल सलाम, गंगापुर सिटी से मुजाहिद खान, आजम बेग, मलारना डूंगर से वाजिद खान, मुमताज एडवोकेट, अब्दुल अरीब खान, अब्दुल कलाम, परवेज अहमद, सरफराज खान, रईस अहमद, शफीक अहमद, हमीद अंसारी, मुस्तुफा सहित कई लोगों को उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# ऑनलाइन प्रतियोगिता में मदीना खानजादा ने बढ़ाया राजस्थान का मान

## -राज्य स्तर पर द्वितीय स्थान



मनोहरपुर (रॉयल पत्रिका) । एकता ट्रस्ट राजस्थान द्वारा भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस के अवसर पर ऑनलाइन विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में ड्राइंग एंड पेंटिंग प्रतियोगिता भी शामिल रही, जिसमें राज्य स्तर पर मदीना खानजादा ने अपनी कलम और ब्रश से तथागत बुद्ध की आकर्षक पेंटिंग बनाकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर मदीना खानजादा को 3100 रुपये की नकद राशि चेक के माध्यम से, साथ ही प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया जाएगा। एकता ट्रस्ट राजस्थान, राजस्थान एवं भारतीय प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा संचालित संस्था है, जो प्रतिभाओं की खोज और उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए कार्य कर रही है।

# रथ यात्रा राजस्थान के विकास, सुशासन और जनसेवा की नई यात्रा का प्रतीक- रामलाल शर्मा

## -पूर्व विधायक शर्मा ने भाजपा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया



चौमूं (रॉयल पत्रिका)। भारतीय जनता पार्टी विधानसभा क्षेत्र चौमूं के कार्यकर्ताओं की मीटिंग का आयोजन सुभाष सर्किल स्थित कार्यालय पर किया गया। मीटिंग का आयोजन राज्य सरकार के दो साल पूर्ण होने पर सरकार द्वारा करवाए गए विकास कार्यों को लेकर किया गया। पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में रथ यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में सुशासन दिवस सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत बदलता राजस्थान बढ़ता राजस्थान रथ यात्रा केवल कार्यक्रम नही है बल्कि राजस्थान के विकास, सुशासन और जनसेवा की नई यात्रा का प्रतीक है। इस दौरान उन्होंने रथ यात्रा का विधानसभा क्षेत्र में होने वाले आयोजनों की जानकारी कार्यकर्ताओं को दी और कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी। रथ यात्रा कार्यक्रम के जिला संयोजक मुकेश चोपड़ा, विधानसभा संयोजक अर्जुन यादव और सह संयोजक आलोक जांगिड़ को नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर भाजपा कालाडेरा मंडल अध्यक्ष लालचंद यादव, गोविंदगढ़ मंडल अध्यक्ष जितेंद्र सिंह, नगर मंडल अध्यक्ष बाबूलाल सैनी सहित भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# आयुक्त डॉ. गौरव सैनी ने ली समीक्षा बैठक

## -नगरीय विकास कर के शत-प्रतिशत लक्ष्यों को पूरा करने, शहर की सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने के दिये निर्देश



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। नगर निगम आयुक्त डॉ. गौरव सैनी ने शुक्रवार को निगम मुख्यालय पर शहरी सेवा शिविर के फोलोअप कैम्प, राजस्व अर्जन, अतिक्रमण, सफाई व्यवस्था सहित अन्य कई बिन्दुओं पर विस्तार से अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में अतिरिक्त आयुक्त, समस्त जोन उपायुक्त, उपायुक्त गैराज, उपायुक्त सतर्कता, उपायुक्त राजस्व प्रथम, उपायुक्त आयोजना प्रथम, राजस्व अधिकारी, सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में आयुक्त ने 17 दिसम्बर 2025 से आयोजित हो रहे शहरी सेवा शिविरों के फोलोअप कैम्प के बारे में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि पट्टों से संबंधित लम्बित मामलों का जल्द ही निस्तारण करें। आयुक्त ने जोनवाईज यूडी टैक्स कलेक्शन एवं विज्ञापन शुल्क के बारे में भी जानकारी ली साथ ही नगरीय विकास कर के शत प्रतिशत लक्ष्य को पूरा करने के निर्देश दिये। आयुक्त ने शहर की सफाई व्यवस्था के बारे में चर्चा करते हुये कहा कि जोन स्तर पर बारह बीट प्लान बनाये जा रहे है जिससे कि कोई भी एरिया सफाई से ना छूटे और शहर की सफाई व्यवस्था सुदृढ़ हो सके। इसके साथ ही आयुक्त ने सम्पर्क पोर्टल पर लम्बित शिकायतों के तत्काल निस्तारण के साथ-साथ अस्थाई अतिक्रमणों एवं अवैध निर्माणों पर प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिये।

# ग़ज़ल

मुझसे मोहब्बत करते हो समझना ज़रूरी है
वाकई मुझ पर मरते हो समझना ज़रूरी है
तुम्हारी ख़्वाहिशें, आराइशे, ज़रुरतें हों पूरी
इसके लिए ही मिलते हो समझना ज़रूरी है
कभी साए में बुला कर कभी सामने सबके
गले लगकर सिसकते हो समझना ज़रूरी है
ना काजल ज़रुरत था ना लाली ज़रुरत थी
अब हर वक़्त संवरते हो समझना ज़रूरी है
किसी का खौफ था ना कोई बेक़रारी थी
क़िताबें जब तुम पढ़ते हो समझना ज़रूरी है
किसी की सोहबतें कैसे किसीको बरगलाएंगी
ख़ुद अपनेतंइ फिसलते हो समझना ज़रूरी है

**-फ़ज़लुर्रहमान**

# श्री हनुमान मंदिर में पाटोत्सव एवं सवामणी कार्यक्रम सम्पन

## -भगवान का स्मरण करने से मन को सुकून मिलता है



मनोहरपुर (रॉयल पत्रिका) । जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड शाहपुरा के अधिशाषी अभियंता सुरेश चंद गर्ग के मुख्य आतिथ्य व जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड मनोहरपुर के सहायक अभियंता मनोहर सिंह यादव की अध्यक्षता में और जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड मनोहरपुर के सहायक राजस्व अधिकारी विक्रम कुमार, जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड मनोहरपुर के कनिष्ठ अभियंता राकेश कुमावत, जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड चंदवाजी के कनिष्ठ अभियंता रणवीर सिंह, जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड खोरा लाड़ खानी के कनिष्ठ अभियंता पंकज सिंह के विशिष्ट आतिथ्य में घासीपुरा के विद्युत विभाग वाले स्टोर में स्थित श्री हनुमान मंदिर में पाटोत्सव एवं सवामणी कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जिसमें आस-पास व दूर-दराज के विद्युत विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों ने शिरकत कर श्री हनुमानजी के ढोक लगाई व सुख शांति की कामना कर प्रसादी ली! फ़िल्म स्टार "ऋतिक रोशन" के नाम से प्रसिद्ध स्टोर कीपर जगदीश प्रसाद गुर्जर ने बताया कि विद्युत विभाग के श्री हनुमानजी के मंदिर प्रांगण को आकर्षक व मनमोहक विद्युत लाइट व रंग बिरंगे फूलों से सजाया गया!उपस्थित अधिकारियों ने कहा कि भगवान का स्मरण करने से मन को पूरे दिन भर सुकून मिलता है इससे बेचैन शरीर को चैन भी मिलता है आराम से दिन बीतता है। अधिकारियों ने कहा कि सभी अधिकारी व कर्मचारी आपसी प्रेम स्नेह भाईचारा बनाए रखें इसके बिना भारत देश तरक्की नहीं कर सकता है!

इस अवसर पर कर्मचारी नेता मुकेश कुमार नटवाड़िया, कर्मचारी नेता सुरेंद्र चौधरी, कर्मचारी नेता मोहन लाल चौधरी कर्मचारी नेता हेमपाल पोसवाल,कर्मचारी नेता जय सिंह गुर्जर, कर्मचारी नेता रामावतार यादव, कर्मचारी नेता राकेश कुमार, कर्मचारी नेता ओम प्रकाश चौधरी, कर्मचारी नेता ओम प्रकाश गुर्जर, कर्मचारी नेता प्रकाश मोहनपुरिया, कर्मचारी नेता पप्पू राम गुर्जर, कर्मचारी नेता सुभाष गुर्जर, कर्मचारी नेता नरेंद्र यादव, कर्मचारी नेता गणेश कुमार, कर्मचारी नेता कर्मचन्द, कर्मचारी नेता नरेंद्र योगी, कर्मचारी नेता नानग राम गुर्जर, कर्मचारी नेता हरीश शर्मा, कर्मचारी नेता भागीरथ मल यादव, रमेश कुमार, सतपाल, हंसराज सुरेश नीरज कुमार फ़ौजी जगदीश प्रसाद जीएसएस कर्मी ओम प्रकाश सैनी आदि उपस्थित थे!

# डॉ. अंबेडकर संघर्ष समिति का प्रतिभा सम्मान समारोह सम्पन्न

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। डॉ. अंबेडकर संघर्ष समिति अटरू के तत्वावधान में रविवार 14 दिसंबर को प्रतिभा सम्मान समारोह शिव मैरिज गार्डन बस स्टैंड अटरू मे आयोजित हुआ । समारोह के मुख्य अतिथि अटरू बारां विधायक राधेश्याम बैरवा एवं किशनगंज शाहबाद विधायक ललित मीणा होंगे। विशिष्ट अतिथि अटरू बारां पूर्व विधायक पानाचंद मेघवाल, अटरू बारां पूर्व विधायक रामपाल मेघवाल थे। प्रतिभा सम्मान समारोह में 10वीं एवं 12वीं में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया । साथ ही भीमराव अंबेडकर सामुदायिक भवन बस स्टैंड अटरू के लिए भामाशाहों द्वारा जो सहयोग राशि दी गई । उन सभी को इस समारोह में सम्मानित किया गया । बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचारों से प्रेरणा लेकर समाज सेवा करने वाले समाज सेवकों एवं बाबा साहब के अनुयायियों के साथ सैकड़ों की संख्या में इस समारोह में क्षेत्रवासियों ने भाग लिया।

**रॉयल पत्रिका को पेमेंट करने का तरीका**

**रॉयल पत्रिका में भुगतान नकद या चेक द्वारा रॉयल पत्रिका के पंजाब नेशनल बैंक, त्रिपोलिया बाजार, जयपुर के खाता संख्या 1939002100241695 में या पंजाब नेशनल बैंक की किसी भी नजदीकी शाखा में जमा करवा सकते हैं अथवा IFSC Code PUNB0193900 पर भी भुगतान नेट बैंकिंग के द्वारा कर सकते हैं। आपके सहयोग के लिए धन्यवाद ।**

Scan Here

-संपादक

# पेंशनर्स मंच उपशाखा चौमूं का वार्षिक पेंशनर्स सम्मान समारोह 17 को

## -70 एवं 80 वर्षीय पेंशनर्स का होगा सम्मान

चौमूं (रॉयल पत्रिका)। शहर के रेनवाल रोड स्थित शीश महल गार्डन में बुधवार 17 दिसंबर को प्रातः 10 बजे से राजस्थान पेंशनर्स मंच, जयपुर उपशाखा चौमूं द्वारा 21वां वार्षिक पेंशनर्स सम्मान समारोह आयोजित होगा। पेंशनर्स मंच के अध्यक्ष राधेश्याम यादव ने बताया कि समारोह की मुख्य अतिथि विधायक डॉ. शिखा मील बराला होगी एवं अध्यक्षता पेंशन मंच जयपुर के जिलाध्यक्ष गुलाबचंद लांबा करेंगे तथा विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक रामलाल शर्मा, उपखंड अधिकारी दिलीप सिंह, विप्र कल्याण बोर्ड की पूर्व उपाध्यक्ष मंजू शर्मा, नगर परिषद के सभापति विष्णु कुमार सैनी, राजस्थान पेंशनर्स मंच जयपुर के प्रदेशाध्यक्ष कैलाश क्रांतिकारी, विराज फाउंडेशन के भुवनेश तिवाड़ी, होंगे। पेंशनर्स मंच के मंत्री सीताराम बुनकर ने बताया कि पेंशनर्स सम्मान समारोह में 70 एवं 80 वर्षीय पेंशनर्स का सम्मान किया जाएगा। इस दौरान स्मारिका का विमोचन भी किया जाएगा।

**सूचना**

समाचार पत्र में प्रकाशित लेखों में लेखक के अपने विचार हैं, इनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। समस्त विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

# ए. आर. वेलफ़ेयर फाउंडेशन ने शुरू किया आरएससीआईटी ट्रेनिंग कोर्स



जयपुर (रॉयल पत्रिका) । ए. आर. वेलफ़ेयर फाउंडेशन की ओर से एक तीन महीने चलने वाला आरएससीआईटी फ्री ट्रेनिंग कोर्स का शुभारंभ ऑल संत चर्च स्कूल में किया गया । यह कोर्स गरीब लड़कियों के लिए शुरू किया गया है । कंप्यूटर कोर्स में 20 लड़कियां तीन महीने तक ट्रेनिंग लेंगी । कंप्यूटर कोर्स पर आने वाले खर्च को ए. आर. वेलफ़ेयर फाउंडेशन और रिटायर्ड सीनियर सिविल ऑफिसर्स के द्वारा संयुक्त रूप से वहन किया जाएगा । कंप्यूटर कोर्स के लिए व्यवस्थित कंप्यूटर लैबोरेट्री जो ऑल संत स्कूल और गीता मित्तल फाउंडेशन के संदीप समुअल हिस्की ने उपलब्ध करवाई । इस अवसर पर ए. आर. वेलफेयर फाउंडेशन के अध्यक्ष रिटायर्ड आईएएस ए. आर. खान, समाजसेवी कंवलजीत सिंह, गीता मित्तल फाउंडेशन के सीईओ अंबुज भट्ट और ऑल संत चर्च स्कूल की प्रिंसिपल उपस्थित थे । रिटायर्ड आईएएस ए. आर. खान ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया ।

# दी बार एसोसिएशन वक़्फ़ जयपुर वक़्फ़ जायदादों के रजिस्ट्रेशन में मदद करेगी

## -ज़रूरतमन्द वक़्फ़ कमेटियाँ संपर्क कर सकती हैं




जयपुर (रॉयल पत्रिका)। वक़्फ़ जायदाद की वेब पोर्टल पर मेपिंग के लिए दी बार एसोसिएशन वक़्फ़ जयपुर की ओर से निःशुल्क कैम्प आयोजन का एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। संशोधित वक़्फ़ अधिनियम 2025 की धारा 3 ख के तहत वक़्फ़ जायदाद की वेब पोर्टल पर मेपिंग की आखिरी तारीख 6 दिसंबर 2025 को समाप्त हो चुकी है, जिसके कारण वक़्फ़ जायदाद के स्थानीय मुतवल्ली व कमेटियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसी को देखते हुए दी बार एसोसिएशन वक़्फ़ जयपुर ने राजस्थान वक़्फ़ अधिकरण, जयपुर में अवधि विस्तार हेतु याचिका एवं निःशुल्क कैम्प लगाने का निर्णय लिया है। इस कैम्प में वक़्फ़ जायदाद के मुतवल्ली/ स्थानीय कमेटी सदर अपनी वक़्फ़ जायदाद को वेब पोर्टल पर मेपिंग कराने के लिए अवधि विस्तार याचिका के लिये आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित हो सकते हैं। अब्दुल वाहिद नकवी एडवोकेट ने बताया कि उनकी संस्था वक़्फ़ जायदाद के प्रशासक की सहायता के लिए प्रतिबद्ध है और इस कैम्प के माध्यम से वे वक़्फ़ जायदाद के मुतवल्ली व कमेटियों को अपनी जायदाद को वेब पोर्टल पर मेपिंग कराने में मदद करेंगे। महासचिव मोहम्मद असलम खान एडवोकेट ने बताया कि वक्फ बार एसोसिएशन जयपुर सभी कार्य निःशुल्क करेगी और वक्फ जायदाद के मालिकों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी।

# आहंगरान कॉलेज में युवाओं-बालिकाओं का भव्य सम्मान समारोह सम्पन्न



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। राजधानी जयपुर के घाटगेट स्थित आहंगरान कॉलेज में रविवार 14 दिसम्बर को लोहार बिरादरी का भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया । जहाँ समाज के होनहार युवाओं और प्रतिभाशाली बालिकाओं को साफ़ा और माला पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर लोहार बिरादरी के जाकिर हुसैन ने बताया कि समाज के प्रबुद्धजनों ने आगे बढ़कर युवाओं को प्रोत्साहित किया। उच्च शिक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली बालिकाओं के साथ-साथ हाल ही में संपन्न हुए लोहार बिरादरी के सामूहिक विवाह को सफल बनाने में योगदान देने वाले युवाओं का भी विशेष रूप से सम्मान किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित संस्थान के सचिव निजामुद्दीन ने कहा कि युवाओं को नई दिशा देना हमारा संकल्प है। उनकी प्रतिभा को पहचानने और निखारने के लिए आहंगरान कॉलेज में समय-समय पर विभिन्न परीक्षण और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, ताकि उन्हें शिक्षा और रोज़गार से जोड़ा जा सके।

सम्मान समारोह का उद्देश्य केवल सम्मान देना ही नहीं, बल्कि युवाओं में आत्म-विश्वास, जिम्मेदारी और आगे बढ़ने की प्रेरणा पैदा करना भी रहा। कार्यक्रम में समाज के गणमान्य लोग, अभिभावक और बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे । जिन्होंने इस पहल की सराहना की।

# पारिवारिक न्यायालय बार चुनाव में शेखावत अध्यक्ष, नईमुद्दीन उपाध्यक्ष चुने गए



जयपुर (रॉयल पत्रिका)| पारिवारिक न्यायालय बार एसोसिएशन के 2025-2026 के वार्षिक चुनाव में डीएस शेखावत को अध्यक्ष, नईमुद्दीन आकिल व विष्णु कुमार शर्मा को उपाध्यक्ष और पंकज अरोड़ा को महासचिव के पद पर निर्विरोध निर्वाचित किया है। इसके अलावा संयुक्त सचिव के पद पर जितेन्द्र शर्मा, कोषाध्यक्ष पद पर कुलदीप शर्मा व सांस्कृतिक सचिव के पद पर रजनी गुप्ता को निर्विरोध निर्वाचित किया। वहीं कार्यकारिणी सदस्य के पद पर सुजाता वर्मा, विजेता यादव, पूनम जैन, मीता अग्रवाल व अशोक कुमार को निर्वाचित किया है। इनकी नियुक्ति पर सथी वकीलों ने खुशी जताई और फूल-माला पहनाकर स्वागत किया।

# आयुक्त ने यातायात नियमों के प्रति जागरूकता का संदेश देने के लिए वाहन रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। जयपुर पुलिस आयुक्त सचिन मित्तल ने सरकार के 2 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य मे आयुक्तालय जयपुर मे 13 से 27 दिसम्बर तक दो सप्ताह का सड़क सुरक्षा अभियान के तहत यातायात पुलिस और कालिका पेट्रोलिंग यूनिट द्वारा आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूकता का संदेश देने शहर के प्रमुख मार्गो पर जन जागरूकता के लिए वाहन जागरूकता रैली को पुलिस आयुक्तालय परिसर से हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। पुलिस आयुक्त सचिन मित्तल ने बताया कि अभियान के तहत यातायात पुलिसकर्मियों को निर्देशित किया गया है कि वे शहर के प्रमुख मार्गों, मोहल्लों, गलियों में जाकर व मीटिंग कर लोगों को यातायात नियमों की पालना करने एवं नशा करके वाहन नहीं चलाने के बारे में जागरूक करेंगें। उन्होंने बताया कि सुगम यातायात के लिये कोई भी प्रतिबंध हो उसके बारे में समझाईस करें एवं नहीं मानने पर नियम तोड़ने वालों खिलाफ कानूनी कार्यवाही करें। यातायात नियमों के प्रति जन जागरूकता वाहन रैली पुलिस कमिश्नरेट मैन पोर्च से रवाना होकर एम.आई. रोड, पांचबत्ती, अजमेरी गेट, रामनिवास बाग चौराहा, न्यू गेट, चौडा रास्ता, त्रिपोलिया टी प्वाईन्ट, छोटी चौपड, चांदपोल गेट, संजय सर्किल, संसारचन्द्र रोड, गवर्नमेंट हॉस्टल चौराहा, एमईएस तिराहा, आयुक्तालय परिसर तक निकाली गई। इस रैली में यातायात पुलिस के इन्टरसेप्टर वाहन, यातायात प्रियदर्शिनी वाहन, महिला हैल्प लाईन 1090 के वाहन, यातायात पुलिस की बाईक तथा कालिका पेट्रोलिंग यूनिट के द्वारा सडक सुरक्षा से सम्बन्धित पंपलेट,पोस्टर, प्ले-कार्ड, पलैक्स बैनर आदि के माध्यम से आमजन को सडक सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस आयुक्त यातायात एवं प्रशासन योगेश दाधीच,अतिरिक्त पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था राजीव पचार, पुलिस उपायुक्त पूर्व संजीव नैन, पुलिस उपायुक्त पश्चिमी हनुमान प्रसाद मीणा, पुलिस उपायुक्त उत्तर करण शर्मा, पुलिस उपायुक्त दक्षिण राजर्षिराज, पुलिस उपायुक्त यातायात सुमित मेहरड़ा अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त रानू शर्मा सहित पुलिस अधिकारी उपस्थित थे।

# देंगो का ठेका इस बार 3.40 करोड़ रुपए में छूटा

अजमेर (रॉयल पत्रिका)। सूफी संत हजरत ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती के 814 वें उर्स के लिए दरगाह में स्थित दोनों देंगो का 15 दिन का ठेका इस बार रिकॉर्ड 3.40 करोड़ रुपए से अधिक में गया है। इस ठेके के लिए करीब 14 घंटे बोली चली। एक ठेका शुक्रवार सुबह 6 बजे फाइनल हुआ। इस ठेके की शुरुआत 17 सितंबर से होगी। खादिमों की संस्था अंजुमन सैयद जादगान व अंजुमन शेख जादगान की ओर से संयुक्त रूप से यह ठेका दिया गया है। इसके लिए बोली की शुरुआत गुरुवार को शाम 4 बजे शुरू हो गई थी।

# कीमती आभूषण चोरी करने वाला शातिर नौकर गिरफ्तार



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। करण शर्मा IPS पुलिस उपायुक्त जयपुर (उत्तर) ने बताया कि दिसम्बर 2024 में विदेश में रहने वाली NRI महिला ने सुभाष चौक में मीनाकारी, नगीने जडाई के आभूषण तैयार करने के लिये आफिस खोल रखा था, जिसको निमाई घोष व बुद्धि सागर नाम के व्यक्तियों द्वारा संभाला जा रहा था, बुद्धि सागर द्वारा थाना सुभाष चौक पर रिपोर्ट पेश की कि उनके सुभाष चौक स्थित कार्यालय में मीनाकारी कार्य किया जाता है जहां पर वहां काम करने वाले नौकर कर्मचारी द्वारा कीमती नगीनों से जडित आभूषणों की चोरी कर ली आदि पर अभियोग संख्या 202/2024 धारा 381 भा.द.सं. में थाना सुभाष चौक जयपुर उत्तर दर्ज कर अनुसंधान किया गया। दौराने अनुसंधान करण शर्मा IPS पुलिस उपायुक्त जयपुर (उत्तर) एवं अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जयपुर (उत्तर-II) द्वारा थाना सुभाष चौक के उक्त अभियोग की वारदात को ट्रेसआउट करने के लिए राजेन्द्र कुमार मीना RPS सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली जयपुर उत्तर विशेष निर्देश प्रदान किये गये। प्रकरण में गहन अनुसंधान कार्य करते हुए, परम्परागत पुलिसिंग एवं आसूचना तंत्र, संदिग्धो से पूछताछ कर मुखबीर मामूर कर एवं तकनीकी रूप से जांच पडताल करने बाद प्रकरण में आफिस में कार्य करने वाले नौकर/ कर्मचारी को गिरफ्तार कर उससे प्रकरण हाजा का माल मशरूका महंगे नगीने लगा गोल्ड प्लेटेट एक कीमती नेकलेस, एक जोडी कीमती नगीने लगा गोल्ड प्लेटेड ईयर रिंग सेट (2 पीस) तथा चोरी किये गये आभूषणों से नगीने व चांदी अलग कर गलाया गया चांदी एक 150 ग्राम से अधिक वजन का टुकडा/डली बरामद करने में सफलता प्राप्त कर सराहनीय कार्य किया गया।

# अभियुक्त के कब्जे से 6 चोरी की स्कूटी बरामद



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। राजर्षिराज आईपीएस पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण के द्वारा अवैध हथियार रखने वाले व चोरी की वारदातो में शामिल बदमाशो की गिरफ्तारी हेतु विशेष अभियान चलाकर कर प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश जयपुर दक्षिण के सभी थानाधिकारियो को दिये गये जिसके क्रम में महेन्द्र सिंह यादव पु.नि. थानाधिकारी शिप्रापथ के नेतृत्व में राजेश कुमार हैड कानि 496, छोटुराम कानि 10424, मंगलज कानि 9867, जयदेव कानि 9282, प्रभास कानि 10647 की टीम गठित की गई। जानकारी मिली कि एक संदिग्ध लड़का रिको फन किंगडम के पास स्कुटी पर बैठकर नशा कर रहा है। आदि इतला पर टीम द्वारा मौके पर पहुंच कर संदिग्ध व्यक्ती को नाम पता पुछा तो उसने अपना विष्णु बर्मन पुत्र हरिकांत बर्मन जाति बर्मन उम्र 21 साल निवासी 45/104 हीरा पथ मानसरोवर पुलिस थाना मानसरोवर जयपुर होना बताया। जिसकी तलाशी लेने पर एक अवैध धार दार चाकु मिला व स्कुटी के नम्बर चैक करने पर चोरी की पाई गई। जिसपर थाना हाजा पर मुकदमा नम्बर 767/2025 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट में दर्ज किया जाकर अनुसंधान प्रारम्भ किया गया दौराने अनुसंधान अभियुक्त ने पुछताछ में बताया कि नशे के पैसो के लिये मै स्कुटी/मोबाईल / लोहे के ढक्कन चोरी करता हू व तथा उन्हे बेचकर उनके पैसो से नशा कर लेता हूं। अभियुक्त ने उक्त स्कुटिया पुलिस थाना सोडला, मानसरोवर, मुहाना इलाके से चोरी करना बताया है। अभियुक्त के कब्जे से कुल 06 स्कुटी बरामद की गई।

# निशात हुसैन सदस्य मनोनीत

जयपुर (रॉयल पत्रिका) । प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक, सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज, जयपुर के निर्देशानुसार महिलाओं का लैंगिग उत्पीड़न (निवारण, प्रतिवेध और प्रतितोष) की रोकथाम हेतु आंतरिक परिवाद समिति की कमेटी का गठन किया गया है जिसमें नेशनल वूमन वेलफेयर सोसायटी, जयपुर की संस्थापक श्रीमति निशात हुसैन, (तृतीय पार्टी सदस्य) को सदस्य नियुक्त किया गया है ।

# सोमवार से राजकीय अस्पतालों के जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र अब संबंधित ज़ोन कार्यालयों पर बनेंगे

## -आमजन को जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए मुख्यालय नहीं जाना पड़ेगा

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। आमजन की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए नगर निगम जयपुर ने एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक निर्णय लिया है। अब शहर के नागरिकों को राजकीय अस्पतालों के जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए नगर निगम मुख्यालय नहीं आना होगा। आयुक्त डॉ. गौरव सैनी के निर्देश पर सोमवार से यह सुविधा नगर निगम के सभी 13 ज़ोन कार्यालयों में उपलब्ध होगी। पूर्व में केवल निजी अस्पतालों के जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र ही संबंधित ज़ोन कार्यालयों से जारी होते थे, लेकिन अब शहर के सभी राजकीय एवं निजी अस्पतालों में जन्मे बच्चों तथा मृत्यु के मामलों के प्रमाण पत्र उसी ज़ोन कार्यालय से जारी किए जाएंगे, जिसके क्षेत्र में अस्पताल स्थित है। इससे नागरिकों का समय, पैसा और यात्रा दोनों की बचत होगी। आयुक्त डॉ. सैनी ने कहा कि यह कदम जनसुविधा को सरल एवं सुलभ बनाने की दिशा में बड़ा सुधार है। सभी ज़ोन कार्यालयों को निर्देशित किया गया है कि आवेदन प्रक्रिया को पारदर्शी, सुव्यवस्थित और समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए। इसके साथ ही, विवाह प्रमाण पत्र पूर्व की भांति जोन कार्यालय और नगर निगम मुख्यालय दोनों स्थानों पर बनाए जा सकेंगे। शुक्रवार तक पंजीयन के लिए आवेदन किया है तो मुख्यालय पर मिलेंगे प्रमाण पत्र निगम रजिस्ट्रार विक्रम सिंह ने बताया कि जिन आवेदकों ने शुक्रवार तक जन्म या मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए मुख्यालय पर आवेदन कर दिया है, उन्हें प्रमाण पत्र मुख्यालय से ही जारी किए जाएंगे।

# नगर निगम जयपुर सतर्कता शाखा की टीम द्वारा की गई कार्रवाई

## -93 हजार 300 रुपये का किया कैरिंग चार्ज वसूल, 12 केन्टर सामान जब्त



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। नगर निगम जयपुर आयुक्त डॉ. गौरव सैनी के निर्देषानुसार एवं पूर्व से प्राप्त शिकायतों पर उपायुक्त सतर्कता के नेतृत्व में शुक्रवार को सतर्कता शाखा की द्वारा नगर निगम जयपुर क्षेत्राधिकार में एस.एम.एस, ट्रोमा, राम गली नं. 01 राजापार्क, दुर्गापुरा पुलिया के नीचे, बी.एस.एन.एल ऑफिस के सामने दुर्गापुरा, जे.एल.एन मार्ग ओ.टी.एस चौराहा, बियानी कॉलेज के रोड़, विद्याधर नगर, मुरलीपुरा स्कीम सब्जी मण्डी के पीछे, 5 नबंर पुलिया, लोहा मण्डी रोड़ एवं वैद्य की चौराहा मुरलीपुरा, बड़ी चौपड़, त्रिपोलिया बाजार, छोटी चौपड़, खंदा का रास्ता, कायमजी का रास्ता से ईदगाह बाजार तक, किशनपोल बाजार, चौड़ा रास्ता, गलता गेट, जौहरी बाजार, चांदपोल सर्किल, आमेर रोड, न्यू सांगानेर रोड, नन्दपुरी, विवेक विहार, रामनगर, सी स्कीम, हवामहल बाजार, लूणियावास, ठाकुर पचेवर जी का रास्ता आदि स्थानों से अस्थाई अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध 93 हजार 300 रुपये का कैरिंग चार्ज वसूल कर 12 केन्टर सामान जब्त किया गया। उपायुक्त सतर्कता ने बताया कि नगर निगम जयपुर क्षेत्राधिकार में एस.एम.एस, ट्रोमा, राम गली नं. 01 राजापार्क, दुर्गापुरा पुलिया के नीचे, बी.एस.एन.एल ऑफिस के सामने दुर्गापुरा, जे.एल.एन मार्ग ओ.टी.एस चौराहा, बियानी कॉलेज के रोड़, विद्याधर नगर, मुरलीपुरा स्कीम सब्जी मण्डी के पीछे, 5 नबंर पुलिया, लोहा मण्डी रोड़ एवं वैद्य की चौराहा मुरलीपुरा, बड़ी चौपड़, त्रिपोलिया बाजार, छोटी चौपड़, खंदा का रास्ता, कायमजी का रास्ता से ईदगाह बाजार तक, किशनपोल बाजार, चौड़ा रास्ता, गलता गेट, जौहरी बाजार, चांदपोल सर्किल, आमेर रोड, न्यू सांगानेर रोड, नन्दपुरी, विवेक विहार, रामनगर, सी स्कीम, हवामहल बाजार, लूणियावास, ठाकुर पचेवर जी का रास्ता आदि स्थानों से अस्थाई अतिक्रमण हटवाया गया। उपरोक्त कार्रवाई के दौरान 12 केन्टर सामान जब्त कर गोदाम में भिजवाया गया व अस्थाई अतिक्रमण करने वालों से मौके पर 93 हजार 300 रुपये का कैरिंग चार्ज वसूल किया गया तथा दौरे के दौरान कार्यवाही सतर्कता टीम द्वारा मौके पर समझाइष करते हुए मौखिक पाबंद करवाया कि भविष्य में अस्थाई अतिक्रमण समय से हटा ले अन्यथा नगर निगम जयपुर के क्षेत्राधिकार में अवैध अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध भारी चालान या प्रभावी कार्रवाई अमल में लाई जायेगी।

# एक व्यापार मेले के केंद्र में: अल्पसंख्यक कारीगर कैसे भारत के राष्ट्रीय मंच पर अपनी जगह बना रहे हैं

नई दिल्ली । जब कुछ लोग इस वर्ष भारत के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में दाखिल हुए, तो उन्हें हमेशा की तरह भीड़, रंग-बिरंगे सामान, खाने-पीने के स्टॉल और कुछ तात्कालिक खरीदारी की उम्मीद थी। लेकिन इस बात का अहसास होने की उम्मीद नहीं थी कि भारत के अल्पसंख्यक समुदायों, विशेषकर मुसलमानों के हाथों में हथकरघा और हस्तशिल्प की परंपराएं कितनी गहराई से जीवित हैं, और हाल ही में सरकार की पहल किस तरह उन्हें व्यापक बाजारों तक पहुंचने में सार्थक रूप से मदद कर रही हैं।

सबसे पहले जिस चीज़ ने लोगों का ध्यान खींचा, वह थी मुस्लिम कारीगरों की भारी संख्या। वे अपने स्टॉलों के पीछे विनम्रता और आत्मविश्वास के साथ खड़े थे, मानो वे बचपन से ही अपने शिल्प से जुड़े रहे हों। कुछ युवा थे, कुछ बुजुर्ग, कई साधारण कस्बों और गांवों से थे, लेकिन सभी में एक विशेष गरिमा थी जो पूरी तरह से अपने हाथों से कुछ बनाने से आती है। उनकी उपस्थिति को और भी महत्वपूर्ण बनाने वाली बात यह जानना था कि वे यहां तक कैसे पहुंचे। आयोजन स्थल पर मौजूद अधिकारियों के अनुसार, जम्मू-कश्मीर व्यापार संवर्धन संगठन के अनुरोध पर प्रतिक्रिया देते हुए, कश्मीर के हस्तशिल्प और हथकरघा विभाग ने एक पारदर्शी लॉटरी के माध्यम से 35 कारीगरों और बुनकरों की सूची को अंतिम रूप दिया। यह कोई निजी चयन या दिखावटी प्रतिनिधित्व नहीं था। यह एक ऐसी प्रक्रिया थी जिसने कौशल और आवेदन करने का साहस रखने वाले हर व्यक्ति को समान अवसर प्रदान किया।

उन कारीगरों के लिए जो ऐसे क्षेत्रों से आते हैं जहां आजीविका अनिश्चित है और बाजार अस्थिर हैं, राष्ट्रीय व्यापार मेले में भाग लेना केवल एक पेशेवर अवसर नहीं है, बल्कि यह एक सम्मान का क्षण है। कई कारीगरों के लिए, यह मेला बिक्री मंच से कहीं अधिक है। यह ऐसी पहचान प्रदान करता है जो पूरे परिवार की अर्थव्यवस्था को बदल सकती है। उत्तर प्रदेश, पंजाब, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, हिमाचल प्रदेश और पश्चिम बंगाल के मुस्लिम कारीगर अपनी शांत शक्ति के साथ खड़े थे, जिनमें से प्रत्येक अपनी स्थानीय मिट्टी और परंपरा से गढ़ी गई क्षेत्रीय पहचान को दर्शा रहा था। पीतल के बर्तन और चिकनकारी से लेकर बिदरी कला, लकड़ी के शिल्प, इकत बुनाई और जटिल धातु उत्कीर्णन तक, उनके स्टॉल यह दर्शाते थे कि मुस्लिम शिल्प कला भारत की सांस्कृतिक भूगोल में कितनी गहराई से समाई हुई है। अलग-अलग लहजे, अलग-अलग संस्कृतियाँ, अलग-अलग इतिहास, फिर भी कौशल, धैर्य और विरासत की एक साझा भाषा। इससे व्यापार मेला एक बाज़ार की बजाय भारत की विविधतापूर्ण विरासत के जीवंत मानचित्र जैसा लगने लगा, जहाँ मुस्लिम कारीगर किसी एक क्षेत्र या एक कथा तक सीमित नहीं थे, बल्कि अपनी संपूर्ण विविधता के साथ राष्ट्रीय गाथा का हिस्सा थे। मुस्लिम कला हमारे सामने ही विस्तृत होती चली गई, दूर-दूर तक फैलती हुई।

भारतीय होने के नाते, यह सब देखते हुए, हमें अपने दृष्टिकोण में एक बदलाव महसूस हुआ। हम अक्सर सुनते हैं कि मुस्लिम समुदाय के लोग पीछे छूट जाते हैं, या उनके कौशल को पहचान नहीं मिलती। लेकिन यहाँ, दिल्ली के एक भीड़ भरे प्रदर्शनी मैदान के बीच, तस्वीर बिल्कुल अलग थी। मुस्लिम कारीगर चुप या हाशिए पर नहीं थे; वे केंद्र में थे, दिखाई दे रहे थे और उनका सम्मान किया जा रहा था। उनके काम को अल्पसंख्यक कला के रूप में नहीं, बल्कि भारतीय विरासत के रूप में विपणित, प्रचारित और मनाया जा रहा था। इसने हमें याद दिलाया कि सशक्तिकरण हमेशा सुर्खियों में नहीं आता। अक्सर, यह चुपचाप आता है, निष्पक्ष चयन प्रक्रियाओं, सरकार समर्थित मंचों, रियायती स्टालों, कारीगरों को ऋण की सुविधा, जीआई सुरक्षा, प्रशिक्षण कार्यक्रमों और बस एक ऐसा मंच दिए जाने के माध्यम से जहाँ उन्हें देखा जा सके। हस्तशिल्प केवल आजीविका का साधन नहीं हैं; वे समुदायों, पहचानों और इतिहासों के बीच सेतु का काम करते हैं। उनमें ऐसी कहानियाँ समाहित हैं जो तभी जीवित रहती हैं जब उन्हें बनाने वाले हाथों को सहयोग मिलता है। इसके अलावा, जब कारीगरों, विशेषकर अल्पसंख्यक समुदायों के कारीगरों को वह अवसर मिलता है, तो वे उसे सुंदरता, कौशल और एक ऐसी सांस्कृतिक गहराई से भर देते हैं जो हम सभी की है।

रॉयल पत्रिका

## संपादकीय...

# पाँच साल में 9 लाख ने छोड़ी नागरिकता !

सिटीजनशिप अमेंडमेंट बिल लागू होने के बाद भी हिंदू भारत की नागरिकता लेने से ज्यादा नागरिकता छोड़ रहे हैं। भारत में नागरिकता अमेंडमेंट बिल (CAA) 2024 में मोदी सरकार ने लागू किया था। CAA के तहत पाकिस्तान, अफगानिस्तान, और बांग्लादेश से आने वाले हिंदुओं को भारत में नागरिकता दी जाएगी। हिंदुओं के अलावा सिख, जैन और बौद्धों को भी नागरिकता दी जाएगी। 2016-2021 तक औसतन 800- 1700 प्रति वर्ष पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश से आने वालों को भारत में नागरिकता दी गई जो मात्र हजारों की संख्या में आती है। मई 2024 से दिसंबर 2025 तक कुछ सौ (300-500 के आस-पास) लोगों को CAA के तहत भारत में नागरिकता दी गई। हम यह कह सकते हैं कि भारत आने वाले हिंदू, सिख, जैन और बौद्ध बहुत कम संख्या में आकर भारत की नागरिकता ले रहे हैं। जबकि भाजपा की केंद्र सरकार ने CAA को इसलिए संसद में पास करवाया था जिससे देश में हिंदू, सिख, जैन और बौद्ध आकर भारत की नागरिकता लें और भारत को अपना देश मानें। लेकिन मोदी सरकार की मंशा के विपरीत भारत के ज्यादातर धनाढय हिंदू, सिख, जैन एवं बौद्ध देश छोड़कर अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन एवं ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में जाकर बस रहे हैं और वहीं रहना चाहते हैं। जबकि मोदी सरकार ने यह सोचकर CAA कानून बनाया था कि विदेशों में रह रहे हिंदू, सिख, जैन एवं बौद्ध भारत आएंगे और मोदी सरकार की सोच को सही साबित करेंगे। लेकिन मोदी सरकार का CAA कानून सही साबित नहीं हो रहा है।

लेकिन सोचने की बात यह है कि पिछले पाँच साल में 9 लाख भारतीयों ने नागरिकता छोड़ी। अब सवाल उठता है कि इतनी बड़ी संख्या में भारतीय नागरिक देश छोड़कर क्यों जा रहे हैं ? किस समुदाय के लोग जा रहे हैं ? संसद में मंत्री ने जवाब दिया कि 9 लाख लोगों ने बेहतर जीवन, शिक्षा, नौकरी एवं अवसर के लिए विदेशी नागरिकता के लिए भारत छोड़ा। अब हम यह सोचें कि भारत में अच्छी शिक्षा, नौकरी, अवसर एवं अच्छी जीवन प्रणाली भारतीय नागरिकों को नहीं मिल रही है ! यदि मिल रही है तो इतनी बड़ी संख्या में भारतीयों ने देश क्यों छोड़ा? संभवतः देश छोड़ने वालों में सबसे ज्यादा हिंदू धर्म के नागरिक ही हैं जो देश में एक हिंदूवादी सरकार के लिए चिंताजनक बात है। क्योंकि सरकार सोच रही है कि देश के हिंदुओं के लिए भारत सुरक्षित बने, जबकि देश के धनाढय हिंदू देश छोड़कर जा रहे हैं। यह मोदी सरकार की विफलताओं में सबसे ऊपर मानी जाएगी। क्योंकि मोदी को हिंदू प्रधानमंत्री, हिंदू सम्राट और हिंदूवादी प्रधानमंत्री के नाम से जाना जाता है। क्या माना जाए ? क्या हिंदू समुदाय अब भाजपा सरकार की नीतियों से खुश नहीं है ? क्या देश छोड़ने वाले भारत पर किसी आने वाले संकट से आशंकित हैं ? क्या भारत में संभावित आने वाली अशांति से डरे हुए हैं ? उनको मौजूदा शासन और नेताओं पर भरोसा नहीं है ? कुछ तो ऐसा है जो देश छोड़ने वाले सोच रहे हैं और कुछ ऐसा भी है जो बाहर से दूसरे देशों की नागरिकता छोड़कर भारत में नहीं आ रहे, जबकि सरकार उनको बुलाना चाहती है।

# मोहम्मद अली जौहर

## (10 दिसंबर 1878 - 4 जनवरी 1931)

***मोहम्मद अली जौहर भारतीय राजनीतिज्ञ और भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के कार्यकर्ता थे। वे अखिल भारतीय मुस्लिम लीग और जामिया मिलिया इस्लामिया के सह-संस्थापक थे।***

एक उपनिवेश-विरोधी परिवार में जन्मे जौहर अलीगढ़ आंदोलन के सदस्य थे। 1923 में वे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष चुने गए, लेकिन असहयोग आंदोलन की अचानक समाप्ति को लेकर संगठन—विशेषकर गांधीजी—से मतभेदों के कारण उनका कार्यकाल कुछ ही महीनों तक चला। बाद के वर्षों में, वे इसके विरोधी हो गए और उन्होंने गांधीजी और मोतीलाल नेहरू पर हिंदुओं के तुष्टिकरण के आगे झुकने का आरोप लगाया क्योंकि वे मुसलमानों को भारत में "अल्पसंख्यक" मानते थे और राजनीतिक प्रतिनिधित्व में मुस्लिम मांगों को शामिल करने से इनकार कर देते थे। अखिल भारतीय मुस्लिम लीग के संस्थापकों में से एक, सम्मानित सदस्य और 10वें अध्यक्ष होने के नाते, उन्होंने लंदन में आयोजित पहले गोलमेज सम्मेलन में पार्टी का प्रतिनिधित्व किया। भारतीय मुस्लिम स्वतंत्रता कार्यकर्ता, अखिल भारतीय मुस्लिम लीग के संस्थापकों में से एक, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के एक प्रमुख सदस्य, पत्रकार और कवि, खिलाफत आंदोलन के एक प्रमुख व्यक्ति और जामिया मिलिया इस्लामिया के संस्थापकों में से एक। मोहम्मद अली का जन्म 1878 में ब्रिटिश भारत के उत्तर-पश्चिमी प्रांत के रामपुर में हुआ था। शहर में रहने वाले एक धनी परिवार में हुआ था। उनके पिता अब्दुल अली खान का निधन तब हो गया जब वह पाँच साल के थे। उनके भाई शौकत अली थे, जो खिलाफत आंदोलन के नेता बने, और जुल्फिकार अली। उनकी मां आबादी बेगम (1852 - 1924), जिन्हें प्यार से 'बी अम्मान' के नाम से जाना जाता था, ने अपने बेटों को ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन से आजादी के संघर्ष का बीड़ा उठाने के लिए प्रेरित किया। इस उद्देश्य के लिए, वह इस बात पर अड़ी रहीं कि उनके बेटे उचित शिक्षा प्राप्त करें। अपनी मां के प्रयासों, दृढ़ संकल्प और बलिदान के कारण, वह और उनके भाई अच्छी गुणवत्ता वाली शिक्षा प्राप्त करने में सक्षम थे। अपने पिता की असामयिक मृत्यु के बावजूद, जौहर ने अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय और इलाहाबाद विश्वविद्यालय में अध्ययन किया, और अंततः 1898 में इंग्लैंड चले गए, जहाँ उन्होंने आधुनिक इतिहास का अध्ययन करने के लिए ऑक्सफोर्ड के लिंकन कॉलेज में दाखिला लिया।

भारत लौटने पर, उन्होंने रामपुर राज्य के शिक्षा निदेशक के रूप में कार्य किया और बाद में बड़ौदा सिविल सेवा में शामिल हो गए। वह एक लेखक और पहले परिमाण के वक्ता और दूरदर्शी राजनीतिक नेता बन गए, जिन्होंने द टाइम्स, लंदन, द मैनचेस्टर गार्जियन और द ऑब्जर्वर जैसे प्रमुख ब्रिटिश और भारतीय समाचार पत्रों में लेख लिखे। उन्होंने 1911 में कलकत्ता में अंग्रेजी साप्ताहिक "द कॉमरेड " लॉन्च किया। इसने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तेजी से प्रसार और प्रभाव प्राप्त किया। वह 1912 में दिल्ली चले गए और वहाँ उन्होंने 1913 में एक उर्दू भाषा के दैनिक समाचार पत्र हमदर्द का शुभारंभ किया। उन्होंने 1902 में अमजदी बानो बेगम (1886-1947) से शादी की। जौहर ने अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, जिसे तब मोहम्मडन एंग्लो-ओरिएंटल कॉलेज के रूप में जाना जाता था, के विस्तार के लिए कड़ी मेहनत की और 1920 में जामिया मिलिया इस्लामिया के सह-संस्थापकों में से एक थे, जिसे बाद में दिल्ली स्थानांतरित कर दिया गया। भारत में खिलाफत आंदोलन- जौहर ने 1906 में ढाका में अखिल भारतीय मुस्लिम लीग की स्थापना बैठक में भाग लिया था और 1918 में इसके अध्यक्ष के रूप में कार्य किया था। वह 1928 तक लीग में सक्रिय रहे। जौहर को "देश के तीन सबसे महत्वपूर्ण राजनीतिक दलों/आंदोलनों- भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, अखिल भारतीय मुस्लिम लीग और खिलाफत आंदोलन के मामलों को निर्देशित करने का अनूठा गौरव प्राप्त था।"

उन्होंने मुस्लिम लीग के प्रतिनिधिमंडल का प्रतिनिधित्व किया, जिसने 1919 में ब्रिटिश सरकार को तुर्की राष्ट्रवादी मुस्तफा केमल को तुर्की के सुल्तान को पदच्युत न करने



के लिए प्रभावित करने के लिए इंग्लैंड की यात्रा की, जो इस्लाम के खलीफा और उस समय के सभी इस्लामी राष्ट्रों के प्रकल्पित नेता थे। ब्रिटिश सरकार द्वारा उनकी मांगों को अस्वीकार करने के परिणाम स्वरूप खिलाफत समिति का गठन हुआ, जिसने पूरे भारत में मुसलमानों को ब्रिटिश सरकार का विरोध और बहिष्कार करने का निर्देश दिया।

1921 में, जौहर ने शौकत अली, अबुल कलाम आज़ाद, हकीम अजमल खान, मुख्तार अहमद अंसारी, सैयद अता उल्लाह शाह बुखारी और महात्मा गांधी जैसे राष्ट्रवादी नेताओं के साथ एक व्यापक गठबंधन बनाया, जिन्होंने तब भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस और कई हज़ार हिंदुओं का समर्थन हासिल किया, जो ब्रिटिश सरकार के खिलाफ एकता के प्रदर्शन में मुसलमानों के साथ शामिल हुए। जौहर ने भी गांधी के राष्ट्रीय नागरिक प्रतिरोध आंदोलन के आह्वान का तहे दिल से समर्थन किया और पूरे भारत में सैकड़ों विरोध प्रदर्शनों और हड़तालों को प्रेरित किया। खिलाफत सम्मेलन की बैठक में एक देश-द्रोही भाषण देने के कारण उन्हें ब्रिटिश अधिकारियों ने गिरफ्तार कर लिया और दो साल के लिए जेल में डाल दिया। कांग्रेस से अलगाव- जौहर, खिलाफत आंदोलन की समाप्ति और 1922 में चौरी-चौरा की घटना के कारण गांधीजी द्वारा असहयोग आंदोलन स्थगित करने से निराश थे। यह घटना 4 फरवरी 1922 की है, जब गांधीजी के असहयोग आंदोलन में भाग ले रहे प्रदर्शनकारियों के एक बड़े समूह की पुलिस से झड़प हुई, जिसने गोलीबारी करके तीन प्रदर्शनकारियों को मार डाला। जवाबी कार्रवाई में, प्रदर्शनकारियों ने एक पुलिस स्टेशन पर हमला किया और उसमें आग लगा दी, जिसमें 22 पुलिसकर्मी मारे गए। इस घटना के प्रत्यक्ष परिणाम स्वरूप भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने राष्ट्रीय स्तर पर असहयोग आंदोलन स्थगित कर दिया।

उन्होंने अपना दैनिक हमदर्द फिर से शुरू किया और कांग्रेस पार्टी छोड़ दी। उन्होंने नेहरू रिपोर्ट का विरोध किया, जो संवैधानिक सुधारों और ब्रिटिश साम्राज्य के भीतर एक स्वतंत्र राष्ट्र के प्रभुत्व का प्रस्ताव करने वाला एक दस्तावेज था, जिसे राष्ट्रपति मोतीलाल नेहरू की अध्यक्षता में कांग्रेस पार्टी के हिंदू और मुस्लिम सदस्यों की एक समिति ने लिखा था। यह साइमन कमीशन के खिलाफ एक बड़ा विरोध था जो सुधारों का प्रस्ताव देने के लिए भारत आया था लेकिन उसमें कोई स्थानीय भारतीय सदस्य नहीं था और न ही भारतीयों की आवाज और आकांक्षाओं को सुनने का कोई प्रयास किया गया था। मोहम्मद अली को जेल में डाल दिया गया। इसलिए नेहरू रिपोर्ट पर सर्वदलीय सम्मेलन का प्रतिनिधित्व शौकत अली, बेगम मोहम्मद अली और केंद्रीय खिलाफत समिति के 30 अन्य सदस्यों ने किया, जिसमें अब्दुल मजीद दरियाबादी, आजाद सुभानी, मगफूर अहमद अजाज़ी, अबुल मुहासिन मुहम्मद सज्जाद और अन्य शामिल थे। वह गांधी के आलोचक बन गए, और अबुल कलाम आज़ाद, हकीम अजमल खान और मुख्तार अहमद अंसारी जैसे मुस्लिम नेताओं से अलग हो गए, जिन्होंने गांधी और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का समर्थन करना जारी रखा। कराची में कारावास- 1921 में, ब्रिटिश सरकार ने कराची के खालिकदीना हॉल में एक अदालत स्थापित की और में ढाई साल की कैद की सजा सुनाई। इस जेल की सजा के अलावा, उन्होंने अपनी सरकार विरोधी गतिविधियों के कारण कई बार जेल की सजा काटी थी। हालाँकि, वह मुस्लिम लीग के लिए लड़ते रहे। लंदन में गोलमेज सम्मेलन- अंततः मोहम्मद अली की बार-बार की जेल की सज़ा, मधुमेह और जेल में उचित पोषण की कमी ने उन्हें बहुत बीमार कर दिया। अपने गिरते स्वास्थ्य के बावजूद, वह 1930 में लंदन में आयोजित पहले गोलमेज सम्मेलन में भाग लेना चाहते थे। अली ने 'सम्मेलन' में भाग लिया (अध्यक्ष मुस्लिम प्रतिनिधिमंडल के सर आगा खान थे) यह दिखाने के लिए कि केवल मुस्लिम लीग ही भारत के मुसलमानों की बात करती है। कथित तौर पर ब्रिटिश सरकार से उनके शब्द थे कि वह तब तक जीवित भारत नहीं लौटेंगे जब तक कि देश को आज़ाद नहीं कर दिया जाता, "मैं एक विदेशी देश में मरना पसंद करूंगा, जब तक कि यह एक स्वतंत्र देश है, और यदि आप हमें भारत में स्वतंत्रता नहीं देते हैं, तो आपको मुझे यहीं एक कब्र देनी होगी।"

यरूशलेम में मोहम्मद अली जौहर की कब्र- 4 जनवरी 1931 को लंदन में स्ट्रोक से उनकी मृत्यु हो गई और उनके रिश्तेदारों, दोस्तों और प्रशंसकों की पसंद से उन्हें येरुशलम में दफ़नाया गया। यरुशलम में उनकी कब्र पर शिलालेख, जो डोम ऑफ़ द रॉक के पास है, कहता है: "यहाँ अल-सैयद मोहम्मद अली अल-हिंदी लेटे हैं।" स्मारक डाक टिकट- पाकिस्तान डाक सेवाओं ने 1978 में उनकी जयंती पर 'स्वतंत्रता के अग्रदूत' श्रृंखला में मोहम्मद अली जौहर के लिए एक स्मारक डाक टिकट जारी किया। भारत के रामपुर में मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय, भारत के दिल्ली में जामिया मिलिया इस्लामिया में मौलाना मोहम्मद अली जौहर अकादमी ऑफ इंटरनेशनल स्टडीज, बांग्लादेश में मौलाना मोहम्मद अली कॉलेज और पाकिस्तान में जौहर टाउन, जौहराबाद, गुलिस्तान-ए-जौहर सहित कई शैक्षिक संस्थानों का नाम जौहर के नाम पर रखा गया है। लोकप्रिय संस्कृति में- मौलाना मोहम्मद अली जौहर 1984 की एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म है, जिसका निर्देशन सैयद अहमद ने किया है और इसका निर्माण भारत सरकार के फिल्म प्रभाग ने किया है। यह फिल्म एक भारतीय स्वतंत्रता सेनानी के रूप में उनके राजनीतिक जीवन और जीवन को दर्शाती है। "मैं लंबे समय से आश्वस्त था कि इस देश में, जहाँ करोड़ों लोग धर्म से गहन रूप से जुड़े हुए हैं, और फिर भी समुदायों, संप्रदायों और मतों में अनंत रूप से विभाजित हैं, ईश्वर ने हमारे लिए एक अनूठी समस्या का समाधान करने और एक नए समन्वय को विकसित करने का मिशन बनाया है, जो धर्मों के संघ से कम कुछ भी नहीं है... बीस वर्षों से अधिक समय से मैंने एक ऐसे संघ का सपना देखा है, जो संयुक्त राज्य अमेरिका से कहीं अधिक भव्य, महान और असीम रूप से आध्यात्मिक हो, और आज जब कई राजनीतिक कैसेंड्रा हिंदू-मुस्लिम मतभेदों के बुरे पुराने दिनों की वापसी की भविष्यवाणी कर रहे हैं, तब भी मैं 'भारत के संयुक्त धर्मों' के उस पुराने सपने को देख रहा हूँ।"

**- मोहम्मद अली जौहर; अध्यक्षीय भाषण से, आईएनसी अधिवेशन, 1923, कोकानाडा (अब काकीनाडा)।**

# हमारे नबी स.अ.व. दुनिया के मुफ़क्किरीन की नज़र में

**शेष पिछले अंक का...**

एडवर्ड गिबन (यू.के. इंग्लेंड) ने लिखा कि "मुहम्मद स.अ.व. की जिन्दगी की सब से बड़ी कामयाबी सिर्फ अखलाकी कुव्वत से हासिल हुई"। एनीबी सेन्ट (यूनाइटेड किंगडम) ने लिखा कि "जो कोई भी अज़ीम अरब नबी स.अ.व. की ज़िन्दगी और अखलाक का मुतालिआ करता है उसके लिये इस अज़ीम नबी स०अ.व. के सिवा कुछ और जज़्बात मेहसूस करना नामुमकिन है सिवाये एहतराम के"। बोस वर्थ स्मिथ (यू. के. इंग्लेंड) ने कहा कि "वोह (मुहम्मद स.व.) एक वक्त में केसर भी थे और पोप भी। मगर बगैर फ़ौज के केसर और बगैर दावे के पोप थे और अगर किसी इंसान को यह हक हासिल था कि वोह कहे कि खुदाई हक से हुकूमत कर रहा हूं तो वोह हज़रत मुहम्मद स.अ.व. थे"। जॉन विलयम ड्रेपर (इंग्लेंड) ने लिखा कि जस्टीनियन की मौत के सिर्फ चार बरस बाद मक्का में वोह शख़्सियत पैदा हुयी जिसने तमाम इंसानियत पर सब से ज्यादा असर डाला"। केरन आर्मस्ट्रोंग (यूनाइटेड किंगडम) ने लिखा कि" मोहम्मद स.अ.व. का मिशन एक आदिलाना मुआशिरा कायम करने की कोशिश थी, जिस में हमदर्दी और हिकमत का ज़हनुमायां थी"। फिलिप खोरी हिट्टी (लेबनान, यूनाइडेड किंगडम) ने कहा कि "मोहम्मद स.अ.व. खुदा के नुमाइन्दे के तौर पर ज़मीन पर इंसानी भाईचारे के सब से बड़े अलम बरदार थे"। लियो टॉलस्टाय (रशिया) ने कहा कि "मोहम्मद स.अ.व. बानी भी थे और रसूल भी। उन्होने एक मजबूत क़ौम को सच्चाई की रोशनी की तरफ रहनुमाई दी, अमन व सुकून की तरफ माइल किया और इंसानी क़ुर्बानियों और खून ज़कवा दिया। यह वोह कारनामा है जो सिर्फ एक अज़ीम इंसान ही कर सकता है"। डॉ. जोजफ हीले (जर्मनी) लिखते हैं कि "आलमे इंसानियत की तारीख ने हर मज़हब से असर कबूल किया है और तमाम नबियों और रसूलों और बानियाने मज़हब ने अपने-अपने ज़माने में अपनी-अपनी कौम की तहजीबों तमद्दुन की तामीर में हिस्सा लिया है। लेकिन आलमे इंसानियत की तारीख पर हज़रत मोहम्मद स.अ.व. के पेश करदा मजहब ने निहायत सुरअत के साथ जो असरात बराहे रास्त मुरन्तब किये, उनकी नज़ीर दुनिया का कोई दूसरा मज़हब पेश नहीं कर सका। इसके अलावा एक और नुमायां खुसूसियत हज़रत मोहम्मद स.अ.व. को यह हासिल थी कि उनको जो असर और इक्तेदार हासिल हुआ वैसा असर व इक्तेदार किसी दूसरे बानीये मज़हब को अपने जमाने में अपनी कौम पर हासिल नहीं हुआ। हज़रत मोहम्मद स.अ.व. ने अपनी कौम में ऐसा इत्तहाद और मसाबात कायम करदी कि अमीरो गरीब सब बराबर हो गये और खानदान और कबीलों की तंग दीवारें मिसमार हो गईं और अरब क़ौम से इन्तेशार व तफ़रीक उठ गई। इस मसावात का नतीजा यह हुआ कि मिसकीनों और मोहताजों की इमदाद व दस्तगीरी ने एक मज़हबी फर्ज़ की सूरत इख्तियार कर ली। ज़कात का अदा करना हर मुसलमान का दीनी फरीज़ा हो गया। चुनांचि बैतुल माल के अन्दर ज़कात जमा होने लगी और बाकायदा तौर पर खर्च होने लगी।" यह तमाम अकबाल वाजेह करते हैं कि हमारे नबी स.अ.व. को एक आलमगीर मुकम्मल और हिदायत देने वाले नबी के तौर पर तसलीम किया गया है। आप स.अ.व. का पैगाम पूरी दुनिया के हर खित्ते और इंसानियत की हर नस्ल के लिये है। आप स.अ.व. के पैगाम पर चलकर पूरी दुनिया अख्लाकी इक्तेदार और मज़हबी इम आंहगी हासिल कर सकती है। आप स.अ.व. पर करोड़ों दुरुदो सलाम हों।

**-हबीबुल्ला एडवोकेट**

# बंगाल में बाबरी मस्जिद की आड़ में बीजेपी के लिए तैयार चुनावी प्लेटफॉर्म

हुमायूं कबीर जो ममता बनर्जी की पार्टी छोड़कर अपने चुनाव का ऐलान करके फिर बाबरी मस्जिद की नींव रख कर सियासत का खेल खेल रहे हैं। मुसलमानों को अपनी जीत और बीजेपी को पूरा फायदा पहुंचाने के लिए मोहरा बन रहे हैं। मुसलमान जो हमेशा जज़्बात में फैसला लेते हैं और कभी नहीं सोचते कि उनका ये क़दम नुकसान दे रहा है भारत के मुसलमानों को। बीजेपी के बंगाल चुनाव के लिए और अपने चुनाव के लिए प्लेटफॉर्म खड़ा करने वाले हुमायूँ कबीर क्या ज़िम्मेदारी लेंगे उन मस्जिदों की हिफाज़त की, जो अपनों की वजह से वीरान पड़ी हैं और अब नई बाबरी मस्जिद के कारण उन मस्जिदों पर नफरती सियासत की नज़र पड़ गई है। अब फिर से मुसलमान जो थोड़ा बहुत सुकून में आया था दुबारा से हादसों का शिकार ना हो। मौजूदा सरकार की क्रोनलॉजी साफ है धर्म की सियासत और इस मस्जिद के तमाशे से अगर देश का सौहार्द ख़राब हुआ तो क्या हुमायूं कबीर ज़िम्मेदारी लेंगे। मोब्लिचिंग से मुसलमानों की हिफाज़त करने की ज़िम्मेदारी लेंगे। क्या मुसलमानों के जान-माल, नौकरी, कारोबार की हिफाज़त का ज़िम्मा लेंगे ! जो मस्जिदें अभी वीरान पड़ी हैं पहले उनको आबाद करने की सोचना चाहिए। कितनी मस्जिदें हैरिटेज मे आती हैं उनका कोई हाल पूछने वाला नहीं, कोई उन्हें नमाज़ से आबाद करना तो दूर झाड़ू लगाने वाला भी नहीं, और तो और मौहल्ले की मस्जिदों को ही पूरा आबाद कर लो। जो मस्जिदें पुरातत्व विभाग में आती हैं और उनकी लापरवाही से उन मस्जिदों में कुत्ते घूम रहे हैं, शराबी जूए खेल रहे हैं, लड़के-लड़कियों के लिये अय्याशी का अड्डा बनी हुई हैं दिल्ली की मस्जिदें। वकील के ज़रिये उनका हाल पूछो पुरातत्व विभाग से। जो मस्जिदें बना चुके हों उनको नफ़रती चिन्टुओं से हिफ़ाज़त कर लो। बाबरी मस्जिद के जैसी कोई मस्जिद अब नहीं बन सकती। डिज़ाइन कॉपी करने से बाबरी मस्जिद वापस नहीं आयेगी। बाबरी मस्जिद का दर्द हर मुसलमान के सीने में है और हमेशा रहेगा। मगर अब दूसरी मस्जिदें बाबरी मस्जिद की तरह शहीद ना हों, इसकी कोशिश के बजाए एक नई मस्जिद का बनाना सिर्फ सियासत के सिवा कुछ भी नहीं, और मुसलमानों को अब समझना होगा कि कुछ फैसले जज़्बात से नहीं दिमाग़ से भी लिए जाएँ। क्यों और मस्जिदें बनाकर मस्जिदों की तौहीन कर रहे हो ? एक पत्थर चौराहे पर कोई रख दे तो वो पूजाघर बन जाता है, और सब आस्था से हाथ जोड़ कर खड़े हो जाते हैं। तुम्हारे मौहल्ले में मस्जिद तामीर हो जाये तो नमाज़ी इकट्ठे नहीं होते। मस्जिदों की तादाद बढ़ाने से मुसलमान मज़बूत नहीं होगा, बल्कि जो मस्जिदें हैं उनको इबादत से आबाद करने, उन पर ध्यान देकर बचाने से, बेहतर किरदार, बेहतर इबादत, आधुनिक शिक्षा, सरे रोज़गार, आपसी क़ौम परस्ती और फ़िरक़ा परस्ती ख़त्म करके समाजी इत्तेहाद से मुसलमान मज़बूत होगा। क्यों मुसलमानों का वक़्त बर्बाद कर रहे हैं मुसलमान लीडर्स। यूनिवर्सिटी, कॉलेज, मेडिकल कॉलेज बनवाओ, रोज़गार दो गारीब लोगों को, ताकि उनके हाथ महीने के राशन के लिए दूसरों पर निर्भर ना हों। क़ौम को आत्म-निर्भर बनाओ। बाबरी मस्जिदों को रोने वालों जो बाबरी मस्जिदों की तरह अभी भी बची हुई हैं नायब मस्जिदें उनको बचा लो ! क्योंकि हुमायूं कबीर जी ने अपनी सियासत गर्म करने के चक्कर में उन मुर्दा मस्जिदों को नफरती सरकार और लोगों का ध्यान दिला दिया है। और अब अगर एक भी मस्जिद शहीद हुई या इस फसाद से कोई भी शहीद हुआ तो कौन ज़िम्मेदार होगा उसका ? बंगाल चुनाव में बीजेपी को जिताने के लिए बढ़िया कमीशन खाया है मस्जिद की सियासत करने वालों ने। हुमायूं कबीर बीजेपी के लिए प्लेटफॉर्म तैयार कर चुके। एक एएमयू पर सारे मुसलमानों की नज़र है, वो भी तन्हा खड़ी अपनी ज़िन्दगी की जंग नफरती चिन्टूओं से लड़ रही है। एक एएमयू काफ़ी नहीं अब और एएमयू की ज़रूरत है। अब हुमायूं कबीर की नहीं बाबा सर सैयद की ज़रूरत है। नबी स.अ.व. ने एक ही मस्जिद हर मुसलमान के लिए तामीर की थी। जो बन गई हैं उनको ही आबाद कर लें, सजदों से।

**-मैंमूना नरगिस आर्ट कंज़र्वेंटर**
**सोशल एक्टिविस्ट, जयपुर**

# इब्ने अरबी - वहदत अल-वुजूद

**शेष पिछले अंक का...**

इस यात्रा ने उन्हें शेख अब्द अल-कादिर जिलानी के प्रत्यक्ष शिष्यों से मिलने का मौका दिया। इब्न अरबी वहाँ केवल 12 दिनों के लिए रुके थे, क्योंकि वे अपने दोस्त अली इब्न अब्दल्लाह इब्न जामी को देखने के लिए मोसुल जाना चाहते थे जो रहस्यवादी क़दीब अल-बान के शिष्य थे। वहाँ उन्होंने रमज़ान का महीना बिताया और तनाज़ुलत अल-मौसिलिया, किताब अल-जलाल वा'ल-जमाल की रचना की। वर्ष 1206 ईस्वीं में इब्न अरबी ने यरूशलम, मक्का और मिस्र का दौरा किया। यह पहली बार था जब वे हलब और दमिश्क का दौरा करते हुए सीरिया से गुजरे।

**इब्ने अरबी की प्रमुख रचनाएं :-**

1. फुसुस अल-हिकम (Fusus al-Hikam): यह उनकी सबसे प्रसिद्ध रचनाओं में से एक है, जिसमें उन्होंने ज्ञान के आंतरिक अर्थों को समझाया है। इसमें 27 अध्याय हैं।
2. अल-फुतुहात अल-मक्किया (Al-Futuhat al-Makkiyya - The Meccan Illuminations): यह एक विशाल विश्वकोश है जिसमें रहस्यवाद, तत्वमीमांसा और इस्लामी कानून जैसे विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई है। यह एक अति-विशाल ग्रंथ है। इसके 37 खंड (वॉल्यूम) हैं और इसमें लगभग 560 अध्याय हैं।
3. तरजुमान अल-अश्वाक (Tarjuman al-Ashwaq): यह रहस्यमय कविताओं का एक संग्रह है।

इब्न अरबी ने अल-ग़ज़ाली और अल-हकीम अल-तिर्मिज़ी द्वारा पिछले काम पर शरिया निर्माण के सूफी आरोपों की भी व्याख्या की है।

सूफी संस्कृति में पहले से मौजूद एक विचार को लेते हुए, इब्न अरबी ने इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए एक पूर्ण मानव की अवधारणा और किसी की खोज पर गहरा विश्लेषण और प्रतिबिंब लागू किया। पूर्ण होने की अपनी व्याख्या को विकसित करने में इब्न अरबी पहले दर्पण के रूपक के माध्यम से एकता के मुद्दे पर चर्चा करते हैं। इस दार्शनिक रूपक में इब्न अरबी अनगिनत दर्पणों में प्रतिबिंबित होने वाली वस्तु की तुलना अल्लाह और उसके प्राणियों के बीच के संबंध से करते हैं। अल्लाह का सार विद्यमान मानव में देखा जाता है, क्योंकि अल्लाह वस्तु है और मनुष्य दर्पण है। मतलब दो चीजें; चूँकि मनुष्य केवल अल्लाह का प्रतिबिंब है, इसलिए दोनों के बीच कोई भेद या अलगाव नहीं हो सकता है और ईश्वर के बिना जीव का अस्तित्व नहीं होगा। जब कोई व्यक्ति यह समझ जाता है कि मानव और अल्लाह के बीच कोई अलगाव नहीं है तो वे परम एकता के मार्ग पर चलना शुरू कर देते हैं। जो इस एकता में चलने का निर्णय करता है वह सच्ची वास्तविकता का अनुसरण करता है और अल्लाह की इच्छा को जानने के लिए प्रतिक्रिया करता है। एकता की इस वास्तविकता के लिए भीतर की खोज एक व्यक्ति को अल्लाह के साथ फिर से जोड़ने का कारण बनती है, साथ ही आत्म-चेतना में सुधार करती है।

इब्ने अरबी के दर्शन की मुख्य अवधारणाएँ निम्नलिखित हैं जिसका वर्णन उनकी पुस्तक अल-फुतुहात अल-**मक्किया में विस्तार से किया है :-**

1. वहदत अल-वुजूद (अस्तित्व की एकता)-

यह इब्ने अरबी के दर्शन का केंद्रीय सिद्धांत है और सबसे अधिक विवाद का विषय भी। इसका सीधा सा अर्थ है कि "समस्त अस्तित्व वास्तव में एक ही वास्तविकता (अल-हक़, यानी ईश्वर) से निर्मित है।" अर्थात वहदत अल-वजूद एक ऐसा दर्शन है जो पूरे ब्रह्मांड में

Introduction: Ibn 'Arabî and Islamic mysticism



अल्लाह की एकता और उपस्थिति पर जोर देता है। यह सिखाता है कि अगर हम भ्रम के पर्दे हटा दें, तो हर जगह, हर चीज में हमें केवल एक ही "हकीकी" अस्तित्व (अल्लाह) के दर्शन होंगे। यह प्रेम, एकता और आध्यात्मिक जागृति का मार्ग है।

2. अल-इंसान अल-कामिल (सार्वभौमिक या संपूर्ण मनुष्य)-

यह अवधारणा एक आदर्श मनुष्य की है जो ईश्वर के सभी गुणों और नामों को पूर्ण रूप से प्रतिबिंबित करता है। वह ईश्वर और सृष्टि के बीच का पुल है। इब्ने अरबी के अनुसार, पैगंबर मुहम्मद साहब इस "संपूर्ण मनुष्य" का सबसे उत्कृष्ट उदाहरण हैं। अर्थात अल-इंसान अल-कामिल वह व्यक्ति है जो अपने अंदर छिपी रूहानी क्षमता को पहचान ले, अपने नफ़्स (स्वार्थ/आत्म-केंद्रितता) पर क़ाबू पा ले, और दुनिया में बख़्शिश, प्रेम और संतुलन को लेकर रहे।

3. खयाल (कल्पना/मनन)-

इब्ने अरबी के लिए, कल्पना केवल एक मानसिक शक्ति नहीं है, बल्कि एक वास्तविक लोक (बरज़ख़) है जो भौतिक संसार और शुद्ध आत्मिक लोक के बीच में स्थित है। यह वह स्थान है जहाँ आत्मा और शरीर, ईश्वर और सृष्टि मिलते हैं। यहाँ सपने, दर्शन और अंतर्ज्ञान की घटनाएँ घटित होती हैं।

4. ईश्वर के नाम और गुण (अल-अस्मा अल-हुस्ना)-

ब्रह्मांड ईश्वर के विभिन्न नामों और गुणों (जैसे दयालु, क्रोधी, जीवनदाता, मृत्युदाता) के प्रकट होने का एक मैदान है। हर चीज़ ईश्वर के किसी न किसी गुण को दर्शाती है। इब्ने अरबी के दर्शन में कुछ ऐसी अवधारणाएँ हैं जो आधुनिक वैज्ञानिक विचारों से बहुत ही रोचक और गहन समानता रखती हैं। उनके विचार अवधारणात्मक रूप से आधुनिक वर्महोल सिद्धांत से मिलते-जुलते हैं, क्योंकि दोनों ही दूर के स्थानों/तलों के बीच सीधे संपर्क या "शॉर्टकट" की बात करते हैं। लेकिन इब्न अरबी का संदर्भ विज्ञान नहीं, बल्कि रहस्यवाद और आध्यात्मिकता है। इब्ने अरबी को काफी विरोध का सामना भी करना पड़ा था और उनकी खूब आलोचना भी हुई यहां तक की सदियों तक इब्ने अरबी के मज़ार पर कूड़ा डाला जाता रहा था और उसे अपमानित रखा गया था, लेकिन बाद में उसी मज़ार को दुनिया के सबसे आलीशान सूफ़ी मज़ारों में शुमार कर दिया गया। यह इब्ने अरबी की ज़िंदगी और बाद की शान का एक बहुत बड़ा करिश्मा माना जाता है।

**-फ़ज़लुर्रहमान**

# पूर्व विधायक पानाचंद मेघवाल सहित कई गणमान्य लोगों ने कांग्रेस नेता हक्का भाई के बेटे की शादी में की शिरकत



बारां (रॉयल पत्रिका)। शहर के प्रमुख टायर व्यवसाई, जिला कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के पूर्व महासचिव, वक्फ कमेटी बारां के नायब सेकेट्री और रजविया मस्जिद के सदर अब्दुल हक हक्का भाई टायर वाले के बेटे मोहम्मद आदिल के शादी समारोह में शहर सहित जिले के कई गणमान्य लोगों ने शिरकत कर दुआओं से नवाजा। हक्का भाई के बेटे मोहम्मद आदिल का निकाह कोटा जिले के इटावा निवासी अनवर एजाज अंसारी की बेटी सरमिन अंसारी से मुकम्मल हुआ। निकाह के बाद अगले दिन शहर के एक निजी रिसॉर्ट में हुए दावत-ए-वलीमा में बारां शहर सहित जिले भर के गणमान्य लोगों ने शिरकत कर दूल्हा-दुल्हन को नेक दुआओं से नवाजा। कार्यक्रम में पूर्व विधायक पानाचंद मेघवाल, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष व राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य डॉ. मजीद मलिक कमांडो, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव धर्मराज मेहरा, बारां प्रधान ओर विधायक प्रत्याशी मोरपाल सुमन, गिर्राज शर्मा, पूर्व उपसभापति हाजी अब्दुल गनी, जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष जाकिर मंसूरी, अशरफ देशवाली, वक्फ कमेटी बारां के चेयरमैन इरफान अंसारी, पूर्व चेयरमैन हाजी लियाकत अली मेव, भाजपा खेल प्रकोष्ठ के जिला संयोजक डॉ. अरमान मलिक, पूर्व छात्र नेता रविकांत मीणा, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष बनवारी मीणा, युवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष शरद शर्मा, बैंक ऑफ बड़ौदा के मैनेजर एम एच खान, पूर्व अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष शाहिद कुंडी, गांधी मार्केट अध्यक्ष रहीम खान, पार्षद जाकिर खान, अखलाक अंसारी सहित कई लोग उपस्थित हुए।

# जिलाध्यक्ष अली हुसैन टीपू के नेतृत्व में दिल्ली में हुए कार्यक्रम "वोट चोर-गद्दी छोड़" में शामिल हुए अल्पसंख्यक कार्यकर्ता



बारां (रॉयल पत्रिका) । लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के आह्वान पर कांग्रेस पार्टी के कार्यक्रम में रविवार को बारां जिले से जिला कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के जिलाध्यक्ष अली हुसैन टीपू के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता दिल्ली पहुंचे। जहां सभी ने कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम के तत्पश्चात नवनियुक्त जिलाध्यक्ष अली हुसैन टीपू ने प्रदेश अध्यक्ष एम डी चोपदार का माला ओर साफा पहनाकर मुंह मीठा करवाकर स्वागत कर जिलाध्यक्ष बनाने ओर विश्वास जताने के लिए आभार प्रकट किया। दिल्ली में हुए कार्यक्रम में सोहेल खान मांगरोल, बंटी मेवाती सीसवाली, सादिक खान, क़ासिम अली, इमरान पठान, जुनेद, शाहरुख़ अंसारी, शाहबाज़ खान, हैदर अली, शानु खान, मजहर, सद्दाम , क्रांतिकारी निसार काजी, आशिक मेवाती, फिरोज (मोला)मंसूरी, जाकिर देशवाली, फरीद ठेकेदार सहित कई लोग मौजूद रहे।

# विकास रथ' बताएंगे सरकार की 2 साल की उपलब्धियां, मंत्रियों ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



कोटा (रॉयल पत्रिका)। राज्य सरकार के 2 साल का कार्यकाल पूरा होने के उपलक्ष्य में कोटा जिले में 'विकास रथ' गांव-ढाणी तक सरकार की उपलब्धियां पहुंचाएंगे। शुक्रवार को शिक्षा मंत्री मदन दिलावर और प्रभारी मंत्री गौतम कुमार दक ने जिला परिषद परिसर में जिले की 6 विधानसभा क्षेत्रों के लिए तैयार इन रथों का अवलोकन किया। प्रभारी मंत्री गौतम कुमार दक ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में पिछले दो वर्षों में प्रदेश में विकास की नई इबारत लिखी गई है। उन्होंने विशेष रूप से कोटा-बूंदी ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट का जिक्र करते हुए कहा कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और सीएम के प्रयासों से यह प्रोजेक्ट धरातल पर उतरा है, जिससे पर्यटन और कोचिंग सेक्टर को बड़ा लाभ मिलेगा। इन रथों पर लगी एलईडी स्क्रीन के जरिए ऑडियो-वीडियो माध्यम से योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। रथों के साथ सुझाव पेटिका भी होगी, जिसमें आमजन अपनी समस्याएं बता सकेंगे। इनकी निगरानी के लिए कंट्रोल रूम बनाया गया है और जीपीएस के जरिए इनकी ट्रैकिंग की जाएगी। इस अवसर पर मंत्रियों ने उपस्थित लोगों को सड़क सुरक्षा की शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम में विधायक संदीप शर्मा, कल्पना देवी, जिला प्रमुख मुकेश मेघवाल, संभागीय आयुक्त अनिल कुमार अग्रवाल और कलेक्टर पीयूष समारिया सहित कई जनप्रतिनिधि व अधिकारी मौजूद रहे।

# सुखदेव नगर में रुके नाले के निर्माण कार्य को शुरु करवाने की मांग तेज

**डॉ. तोहिद**



सुकेत/रामगंजमंडी (रॉयल पत्रिका) । वार्ड नंबर 1 स्थित सुखदेव नगर में बुधवार को शुरू हुआ नाले का निर्माण कार्य उसी शाम वि अचानक रोक दिया गया, जिसके बाद क्षेत्रवासियों में आक्रोश फैल गया। कार्य को दोबारा शुरू करवाने की मांग को लेकर गुरुवार को वार्ड 1 और 2 के बड़ी वि संख्या में निवासी तहसीलदार नेहा वर्मा और नगरपालिका ईओ को ज्ञापन अ सौंपने पहुंचे। ज्ञापन सौंपने वालों में भाजपा महिला नेता निहारिका चौहान सहित है सुखदेव नगर वासियों जगदीश आचोलिया, दिनेश घाटिया, विट्ठल चौधरी, तै राजेंद्र चौधरी, राजेंद्र गुप्ता, भेरूलाल गुप्ता, सोनू सुथार, पंकज सुथार, श्याम क - सुथार, सुरेंद्र आचार्य, भरत वैष्णव, सीमा गुप्ता, सविता, नीलम आचार्य, क - निकिता सुथार, शकुंतला सुथार, भगवती सुथार, आरती सुथार, टीना गुप्ता, मीना वि गुप्ता सहित अनेक कॉलोनीवासी मौजूद रहे। कॉलोनीवासियों ने बताया कि पार्षद ब द्वारा नाले का कार्य रुकवाया गया था, जबकि यह कार्य जल निकासी की ग समस्या समाधान के लिए अत्यंत आवश्यक है। पालिका अध्यक्ष अखिलेश वा मेडतवाल ने बताया कि भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए नाले की के चौड़ाई बढ़ाई जा रही है, ताकि अतिवृष्टि की स्थिति में भी वार्ड 1 और 2 के व निवासियों को परेशानियों का सामना न करना पड़े। कॉलोनीवासी भी चाहते हैं स कि रुका हुआ कार्य तुरंत शुरू कराया जाए। अधिकारियों ने ज्ञापन प्राप्त कर म मामले की जांच व आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिलाया।

# बालदड़ा: सरकारी विद्यालय में अध्यापकों का विदाई समारोह आयोजित



अंता (रॉयल पत्रिका)। कस्बे के समीप स्थित महात्मा गांधी गवर्नमेंट स्कूल बालदड़ा में विद्यालय के छः स्टॉफ साथियों का एक साथ सामुहिक विदाई समारोह का भव्य आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय से 31 दिसंबर 2025 को सेवानिवृत होने वाले नन्द किशोर मालव वरिष्ठ अध्यापक के साथ ही विद्यालय से अन्य विद्यालयों में पदोन्नत एवं स्थानांतरित होने वाले स्टॉफ साथियों मोहम्मद शरीफ खान व्याख्यता, मोहम्मद फारूक शेख़ अध्यापक, हनीफ मोहम्मद अध्यापक, रामस्वरूप काठमानिया अध्यापक एवं कृष्ण कुमार शर्मा अध्यापक को भी शुभकामनाएं देकर भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम में स्थानीय सरपंच मोहम्मद शरीफ खान बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि रिज़वान खान ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए विदा होने वाले साथियों के विद्यालय के प्रति समर्पित भाव की सराहना की साथ ही विद्यार्थियों में पढ़ाई के साथ खेल, वाद विवाद, निबंध लेखन एवं अन्य सह शैक्षणिक गतिविधियों के लिए प्रोत्साहित करने पर बल दिया। विदा होने वाले साथियों को सरपंच की तरफ से व्यक्तिगत रूप से भी सम्मानित किया गया इस अवसर पर विद्यालय में पूर्व में अपनी सेवाएं देने वाले समस्त स्टॉफ को भी आमंत्रित किया गया। स्थानीय विद्यालय के प्रधानाचार्य जावेद रईस एवं स्टॉफ साथियों ने स्टॉफ साथी मैडम रुकसाना बेगम और उनके सभी परिवार वालों के मक्का मदीना उमराह यात्रा पर जाने के उपलक्ष्य में माल्यार्पण कर मुबारक बाद दी गई साथ ही आगंतुक अतिथियों, पूर्व स्टॉफ साथियों एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत सम्मान किया गया इस अवसर पर विदाई लेने वाले में से नन्द किशोर मालव द्वारा 15000 रु तथा अन्य पांचों साथियों मोहम्मद शरीफ, मोहम्मद फारूक शेख़, हनीफ मोहम्मद, रामस्वरूप काठमानिया एवं कृष्ण कुमार शर्मा की ओर से 5100 रु की राशि विद्यालय विकास हेतु भेंट स्वरूप दी गई। कार्यक्रम का संचालन स्थानीय विद्यालय के प्रधानाचार्य जावेद रईस एवं व्याख्यता शाशि लक्ष्मण आर्य ने किया जबकि अध्यक्षता पूर्व प्रधानाचार्य सुरेश चन्द सुमन ने की।

# स्वच्छ भारत अभियान के तहत जिला स्तरीय स्वच्छता कार्यक्रम

## -जनप्रतिनिधियों व प्रशासनिक अधिकारियों ने किया श्रमदान

**शब्बीर हुसैन**



बारां (रॉयल पत्रिका)। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिले स्तर पर 13 दिसंबर से 25 दिसंबर तक विविध जनकल्याणकारी एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी श्रृंखला में रविवार, 14 दिसंबर को स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन प्रातः 8 बजे सदर थाने के पास स्थित तलाई परिसर में किया गया। कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने स्वयं श्रमदान कर साफ-सफाई की तथा स्वच्छता का संदेश दिया। साथ ही पर्यावरण संरक्षण की दिशा में पौधारोपण भी किया गया, जिससे आमजन को स्वच्छता के साथ-साथ हरित वातावरण के प्रति भी जागरूक किया जा सके। इस अवसर पर बारां-अटरु विधायक राधेश्याम बैरवा, जिला कलक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर, समाजसेवी नरेश सिकरवार, पूर्व जिला प्रमुख नन्दलाल सुमन, अतिरिक्त जिला कलक्टर भंवर लाल जनागल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश चौधरी, जिला परिवहन अधिकारी डॉ. कल्पना शर्मा, सहायक निदेशक योगेन्द्र शर्मा, नगर परिषद आयुक्त भुनेश मीणा सहित जिले के सभी विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने एकजुट होकर तलाई क्षेत्र में सफाई कर स्वच्छता को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान विधायक राधेश्याम बैरवा एवं जिला कलक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर ने मौके पर उपस्थित नरेगा कार्मिक महिलाओं से संवाद किया। उन्होंने महिलाओं की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि स्वच्छता अभियान की सफलता में ग्रामीण क्षेत्रों एवं महिला श्रमिकों की महत्वपूर्ण भागीदारी है। उन्होंने स्वच्छ वातावरण, स्वास्थ्य एवं स्वावलंबन के महत्व पर भी प्रकाश डाला। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजवीर सिंह चौधरी ने जानकारी दी कि स्वच्छता अभियान के तहत जिले की सभी ग्राम पंचायतों में भी एक साथ साफ-सफाई कार्यक्रम आयोजित किए गए। अभियान में आमजन की सक्रिय भागीदारी रही। जिला कलक्टर अपील की गई कि आम नागरिक स्वच्छता को केवल अभियान तक सीमित न रखें, बल्कि इसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। इस प्रकार के कार्यक्रमों से जिले में स्वच्छ, स्वस्थ एवं सुंदर वातावरण के निर्माण की दिशा में सकारात्मक संदेश गया।

# ह्यूमन राइट्स जस्टिस एसोसिएशन के तत्वावधान में बैठक का हुआ आयोजन



सुकेत/पाली (रॉयल पत्रिका)। मारवाड़ जंक्शन के डाक बंगला परिसर पर आज ह्यूमन राइट जस्टिस एसोसिएशन के तत्वाधान मानव अधिकार दिवस के उपलक्ष में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद खान पठान, संगठन के प्रदेश सरक्षक डॉक्टर पोपट भाई पटेल, विशिष्ट अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष भवरूद्दीन कंडिया, प्रदेश महासचिव अमीन खा, धवा, देवीलाल गुर्जर, प्रदेश संगठन सचिव नरपत सिंह - जेतावत के सानिध्यता में आयोजित हुई। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष पठान ने ह्यूमन राइट संगठन के द्वारा किए गए एवं किए जाने वाले कार्यों की विस्तृत जानकारी से उपस्थित सदस्यों को अवगत कराया तत्पश्चात भारत के राष्ट्रपति के नाम उपखंड अधिकारी मारवाड़ जंक्शन के मार्फत आदर्श पौड़ित निवेशकों की पिछली 7 वर्षों से जमा राशि शीघ्र ही लौटाने हेतु ज्ञापन भी सोपा गया, बैठक में ह्यूमन राइट संगठन को मजबूत करने, आमजन को समस्याओं पर मंथनकर प्रशासन तक पहुंचाने, हर ब्लॉक एवं जिला स्तर पर हह्यूमन राइट हेल्पलाइन डेस्क स्थापित करने, हर पीड़ित को न्याय दिलाने में मदद करने, आदर्श क्रेडिट कोऑपरेटिव बैंक में फंसे रुपए उपभोक्ताओं को वापस दिलाने पर मंथन हुआ, इस मौके पर क्षेत्र के सैकड़ो उपभोक्ताओं का आदर्श क्रेडिट कोऑपरेटिव में फंसा पैसा वापस बैंको से लौटाने ने की मांग को लेकर उपखंड अधिकारी को राज्य सरकार एवं राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन भी सोपा गया। इस मौके पर नव नियुक्त पदाधिकारी को माला साफा पहनाकर दुस्वगत कर नियुक्त पत्र प्रदान किए गए। इस मौके पर पूर्व पंचायत समिति सदस्य एवं पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष एडवोकेट नगेंद्र सिंह गुर्जर, प्रदेश सचिव कालू खान, जॉइंट सेक्रेटरी वजीर खान, जिला उपाध्यक्ष हाजी मोहम्मद इब्राहिम, भूरा राम गुर्जर, गफ्फार खान पठान, प्रदेश महासचिव फिरोज खान पठान, प्रदेश सलाहकार मोहम्मद रफीक अब्बासी, ब्लॉक अध्यक्ष एडवोकेट आफताब अली, ब्लाक महासचिव नंदकुमार, ब्लॉक सचिव हरिराम वर्मा, ब्लॉक उपाध्यक्ष विरदा राम पवार, मोहम्मद सफी भाटी, नबी बख्श, छिपा सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

# डॉ.सय्यद के झालावाड़ कांग्रेस अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष बनने पर भव्य स्वागत

**फिरोज खांन वारसी**



झालावाड़ (रॉयल पत्रिका)। कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग प्रदेश अध्यक्ष एम. डी. चौपदार ने झालावाड़ जिले में डॉ. जी.एम. सय्यद को झालावाड़ कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया। डॉ. जी.एम.सय्यद के कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के जिला अध्यक्ष बनने पर झालावाड़ के अल्पसंख्यक वर्ग में खुशी की लहर दौड़ गई डॉ. जी एम सय्यद सरल स्वभाव, मिलनसार,शिक्षित एंव सक्षम किसान परिवार से है इनका परिवार कांग्रेस विचारधारा वाला है अपने क्षेत्र में अच्छी पकड रखते हैं ओर अपने चिकित्सीय पैसे के कारण पूरे जिले में अपनी सेवा भावना प्रवृत्ति से अपनी अलग पहचान रखते हैं शुक्रवार को अपने क्षेत्र दहीखेड़ा, पनवाड में जामा मस्जिद से हजरत सय्यद शाह की दरगाह तक पैदल जुलूस निकाला जिसमें सेकड़ो लोगों ने नवनियुक्त अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष का जगह जगह फूलमाला ओर मिठाई खिलाकर स्वागत सम्मान किया, डॉ. जी एम सय्यद ने अपनी नियुक्ति के लिए कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष से उनके निवास जयपुर जा कर आभार व्यक्त किया, प्रदेश अध्यक्ष एम. डी. चौपदार ने झालावाड़ जिले के नवनियुक्त कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के जिला अध्यक्ष को फूलमाला पहनाकर ओर मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी ओर विश्वास व्यक्त किया की झालावाड़ जिले में आप के द्वारा दी गई चिकत्सकीय सेवाओं ओर व्यवहार से झालावाड़ जिले में कांग्रेस को मजबूती मिलेगी अब्दुल हमीद अंसारी,कमलेश सुमन, रमेश पहलवान, मोहम्मद नासिर, बलराम गुर्जर,लोकेश नागर सहित सेकड़ो लोग जुलूस में उपस्थित रहें।

# आवलहेड़ा ग्राम पंचायत में शौचालय बनाने की मांग



झालावाड़ (रॉयल पत्रिका)। मनोहरथाना पूर्व छात्र संघ महासचिव रणजीत सिंह भील ने 15 दिसंबर 2025 को बताया कि आवलेहडा ग्राम पंचायत में चौराहे पर शौचालय एवं वाटर कूलर की व्यवस्था ग्राम पंचायत के द्वारा करनी चाहिए ग्राम पंचायत में शौचालय सभी लोगों के लिए आवश्यक है। क्योंकि ग्राम पंचायत स्तर पर शौचालय बनाना अत्यंत आवश्यक है। जो कि स्वच्छ भारत मिशन का मुख्य लक्ष्य है । जिससे ग्रामीण इलाकों में स्वच्छता स्वास्थ्य और महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके, महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान खुले में शोच जाने से महिलाओं लड़कियों से सुरक्षा और सम्मान से जुड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। जिसे शौचालय बनाकर दूर किया जा सकता है।

# वन क्षेत्र में हो रहा था अवैध खनन रोकने गए वनकर्मी से मारपीट



मोईकलां (रॉयल पत्रिका)। यहां बारापाटी वन क्षेत्र में शनिवार को अवैध खनन की सूचना पर वन क्षेत्र से पहुंचे वन कर्मचारी हजारीलाल शर्मा के साथ मारपीट कर दी गई। हालांकि विभाग ने पत्थर से भरी ट्रॉली व बाइक जब्त कर ली है। फोरेस्टर सुनील कुमार ने बताया कि शनिवार को बारापाटी वन क्षेत्र में अवैध खनन की सूचना पर कर्मचारी हजारीलाल मौके पर पहुंचा। वहां पर बन्टी मेवाती के ट्रैक्टर-ट्रॉली में अवैध खनन के पत्थर भरे हुए थे। हजारी लाल ने चालक से कहा कि ट्रैक्टर-ट्रॉली बपावर नाके पर ले चलो। चालक ने मना कर दिया और बहस करने लगा। इसी बीच ट्रैक्टर मालिक बन्टी मेवाती मौके पर आ गया और चालक व बन्टी मेवाती ने वन कर्मचारी हजारीलाल से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। आरोपी ट्रैक्टर-ट्रॉली और बाइक छोड़कर भाग गए। जिसे जब्त कर लिया गया। बपावर थाने में मारपीट की रिपोर्ट दर्ज करवाई गई है। इधर, बन्टी मेवाती ने बताया कि बैंक संरक्षक समिति का अध्यक्ष होने के नाते क्षेत्र में महिला मजदूरों से काम करवा रहा था। मौके पर पहुंचे वन कर्मचारी हजारीलाल ने महिला मजदूरों के साथ बहस की। महिला मजदूरों की तरफ से भी सहायक उपनिरीक्षक रामप्रकाश को वन कर्मचारी हजारीलाल शर्मा के खिलाफ धमकाने व असभ्य भाषा का इस्तेमाल करने की लिखित शिकायत दी है।

# रामगंजमंडी रेलवे स्टेशन चौराहे पर फाउंटेन शुरू, स्वच्छता अभियान में बड़ा कदम



रामगंजमंडी (रॉयल पत्रिका)। रामगंजमंडी लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला कैबिनेट मंत्री मदन दिलावर के निर्देश पर चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान के तहत चल रहे सौंदरीकरण के तहत गुरुवार को रेलवे स्टेशन चौराहे पर स्थित कुएं पर फाउंटेन का काम चालू हुआ । रामगंजमंडी नगर पालिका अध्यक्ष अकलेश मेड़तवाल ने बताया कि रेलवे स्टेशन पर स्थित कुआं कई दिनों से बंद था और गंदगी और कचरे से अटा पड़ा था कचरे से भरे कुए की सफाई करवाकर यहां फाउंटेन लगाया कुएं के आसपास सुंदरता के लिए कुर्सी लगाई जाएगी इंटरलॉकिंग लगाई जाएगी ताकि चौराहा सुंदर दिखे फाउंटेन लगाने का काम 2 दिन में पूरा किया जाएगा। नगर पालिका अध्यक्ष मेडतवाल द्वारा किए जा रहे कार्यों की आम जनता काफी सराहना कर रही है।

# जिले में 'बाल विवाह मुक्त ग्राम पंचायत' कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ

## -प्रभारी मंत्री ओटा राम देवासी ने रथ को हरी झंडी दिखाई



बारां (रॉयल पत्रिका) । जिला प्रशासन एवं महिला अधिकारिता विभाग, बारां द्वारा जिले में एक अभिनव पहल के रूप में 'बाल विवाह मुक्त ग्राम पंचायत' कार्यक्रम एवं 100 दिवसीय जनजागरूकता अभियान का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन जिला प्रभारी मंत्री ओटाराम देवासी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विधायक डॉ. ललित मीणा, विधायक राधेश्याम बैरवा, जिला कलक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर, पुलिस अधीक्षक अभिषेक अंदासु, अतिरिक्त जिला कलक्टर भंवर लाल जनागल सहित जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, महिला शक्ति एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे। राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम के दौरान राज्यमंत्री ओटाराम देवासी ने बाल विवाह उन्मूलन पर आधारित नुक्कड़ नाटक का अवलोकन किया। उन्होंने समाज को बाल विवाह जैसी कुरीति से मुक्त करने का संदेश देते हुए 'बाल विवाह मुक्त भारत व ग्राम पंचायत जागरूकता रथ' को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जिला कलक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर के निर्देशन में 100 दिवसीय जन जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया गया। सहायक निदेशक, महिला अधिकारिता राकेश कुमार वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत राष्ट्रीय स्तर पर तीन चरणों में 27 नवम्बर से 8 मार्च 2026 तक बाल विवाह मुक्त भारत अभियान संचालित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि एनएफएचएस-5 के अनुसार बारां जिला बाल विवाह की दृष्टि से हाई रिस्क श्रेणी में आता है। इसी को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन एवं महिला अधिकारिता विभाग द्वारा जिले को बाल विवाह से मुक्त करने के उद्देश्य से व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम संचालित करने का निर्णय लिया गया है। अभियान के अंतर्गत शिक्षण संस्थानों, सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं, ग्राम सभाओं, नगर पालिकाओं एवं नगरीय निकायों में विविध गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी। कार्यक्रम का संचालन नोडल विभाग बाल अधिकारिता के समन्वय से किया जा रहा है। नुक्कड़ नाटक एवं जनसंवाद के माध्यम से आमजन को यह स्पष्ट संदेश दिया गया कि लड़की की न्यूनतम विवाह आयु 18 वर्ष एवं लड़के की 21 वर्ष निर्धारित है तथा इससे पूर्व विवाह करना कानूनन अपराध है। वक्ताओं ने बाल विवाह के दुष्परिणामों पर प्रकाश डालते हुए शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सामाजिक सशक्तिकरण के महत्व को रेखांकित किया। कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने समाज से बाल विवाह उन्मूलन में सक्रिय सहभागिता निभाने की अपील की तथा 'बाल विवाह मुक्त ग्राम पंचायत' के लक्ष्य को जनआंदोलन के रूप में आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

# काजी बिरादरी के सम्मान समारोह में 330 होनहार छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया

सीकर (रॉयल पत्रिका)। काजी वेलफेयर सोसायटी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. कादिर हुसैन ने बताया कि 14 दिसम्बर रविवार 2025 को काजी वेलफेयर सोसायटी के द्वारा प्रथम राज्य स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह सीकर में ख्वाजा गरीब नवाज अस्पताल एवं नर्सिंग कॉलेज के आडिटोरियम में किया गया। जिसकी शुरुआत मुफ्ती मुसा साहब ने तिलावते कुरआन की आयत इकरा से शुरूआत की। जिसमें मुख्य अतिथि हिदायत खान धोलिया पुर्व चैयरमेन राजस्थान मदरसा बोर्ड जयपुर ने कहा है कि शिक्षा से ही आज के जमाने में तरक्की कर सकते हैं बगैर शिक्षा पशु समान जिंदगी जीने पर मजबूर होना पड़ता है। मोटिवेशनल स्पीकर खादिम हुसैन खत्री ने कहा कि जिंदगी में टारगेट लेकर काम शुरू किया जाएं तो निश्चित ही सफलता हासिल होगी। सम्मान समारोह की अध्यक्षता कर रहे डॉ. कादिर हुसैन ने कहा कि शुरुआत शुन्य से होती है और वही शुन्य आखिर में अरब और खरब बनता है। विशिष्ट अतिथि डॉ. परवीन बानू सहायक प्रोफेसर ने कहा कि मर्द के साथ साथ कंधा मिलाकर तभी चला जा सकता है जब मर्द की शिक्षा के बराबर शिक्षा हासिल की हो। समीर बशीर खत्री ने जवानी के दिनों में बहुत कड़ी मेहनत करने के लिए कहा।




सलीम खान सहायक निदेशक अभियोजन ने सरकारी नौकरियों के लिए लगातार आठ घंटे पढ़ने के लिए बच्चों को सलाह दी। डॉ. शौकिन अली ने बच्चों और बच्चियों को मोबाइल से दुरी बनाकर किताब को दोस्त बनाने के लिए कहा। इस समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में रुखसाना बानू उपसभापति नगर पालिका उदयपुरवाटी, अहमद अल्काजी, मोहम्मद याकूब सैयद, रज्जब अली चौहान मंचस्थ रहें। काजी वेलफेयर सोसायटी के प्रदेश सचिव शिक्षाविद् खादिम हुसैन खत्री ने बताया कि प्रथम प्रदेश स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह में 330 छात्र छात्राओं के साथ साथ समाज में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने वालों को सम्मानित किया गया। काजी वेलफेयर सोसायटी का यह सम्मान समारोह केजीएन अस्पताल एवं नर्सिंग कॉलेज फतेहपुर रोड़ सीकर के सभागार में सम्पन्न हुआ।जिसमें समाज के ताहिर हुसैन,असलम अली चौहान, रुस्तम अली कांट,मुकारब अली खत्री, फिरोज खान कच्छावा, एडवोकेट मोहम्मद फारूक, मुमताज अली सेवा निवृत्त सीटीआई, खादिम हुसैन भाटी,अहसान कच्छावा,अकरम अली मुगल, माहिर पार्षद, मुस्ताक अली सैयद, अब्दुल रहमान भाटी,कासम अली बीकानेर, यासीन सहायक अभियंता, हमीद काजी,जाकिर हुसैन दिलोई, डॉ. खालिद हुसैन खत्री, उस्मान खत्री, इकबाल काजी बीकानेर आदि उपस्थित रहे। समान समारोह का संचालन अब्दुल जब्बार पंवार और मोहम्मद अकरम अध्यापक ने किया। और काजी वेलफेयर सोसायटी के कोषाध्यक्ष रज्जब अली उस्ताद ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# रानीवाड़ा पूर्व विधायक नारायण सिंह देवल प्रभारी नियुक्त



रानीवाड़ा (रॉयल पत्रिका)। भारतीय जनता पार्टी के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में प्रदेश भर में आयोजित किया जा रहे, सुशासन पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत संगठनात्मक स्तर पर महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं इसी क्रम में रानीवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक नारायण सिंह देवल को भाजपा ने नई जिम्मेदारी सौंपी है। उन्हें रानीवाड़ा विधानसभा का प्रभारी नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ के निर्देश अनुसार की गई पार्टी कार्यकर्ताओं में बड़े जोश के साथ स्वागत किया गया।

# सांचौर अभिभाषक संघ चुनाव सदराम बिश्नोई पांचवीं बार अध्यक्ष बने



सांचौर (रॉयल पत्रिका)। अभिभाषक संघ सांचौर के चुनाव बुधवार को संपन्न हुए निर्वाचन प्रक्रिया के तहत सुबह 10:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक मतदान कराया गया 99 मतदाताओं में से 97 अधिवक्ताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया जिसे चुनाव को लेकर अधिवक्ताओं में खाता उत्सव देखने को मिला। निर्वाचन चुनाव अधिकारी एडवोकेट इब्राहिम शाह ने मतगणना परिणाम सुनाया जिसमें अध्यक्ष पद के लिए हुए कड़े मुकाबले में सदराम बिश्नोई ने 61 मत प्राप्त कर अपने निकटतम प्रतिदंदी प्रेम सिंह अचलपुर 36 मत को 25 मतों के अंतर से पराजित किया इसके साथ ही सदराम बिश्नोई पांचवीं बार एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्वाचित हुए सचिव पद पर रघुवीर पुरोहित ने 52 मत प्राप्त कर नरसीराम चौधरी 45 मत को 7 मतों से हराया वहीं सचिव पद के लिए मुकाबला बेहद रोचक रहा जिसमें धवलचंद बिश्नोई को 49 मत एक नरेंद्र डांगरा को 48 मत मिले एक मत के मामूली अंतर से धवलचंद बिश्नोई विजय घोषित किए गए चुनाव परिणाम घोषित होते ही न्यायालय परिसर में हर्ष का माहौल बन गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारी के समर्थको ने फूल मालाओं से स्वागत किया और मिठाइयां बांटकर खुशी जाहिर की। इस दौरान अधिवक्ताओं ने नव निर्वाचित टीम को बधाई देते हुए अभिभाषक संघ के हित में बेहतर एवं सकारात्मक कार्यों की उम्मीद जताई अध्यक्ष पद पर सदराम विश्नोई की जीत सुनिश्चित होते ही साथ ही अधिवक्ताओं में उत्साह की लहर दौड़ गई यहां समर्थकों ने जमकर खुशी मनाई। स्वागत समारोह के दौरान सदराम बिश्नोई ने कहा कि अधिवक्ताओं के हितों के लिए संघर्ष करना उनकी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कहा कि अधिवक्ता न्यायिक प्रक्रिया का महत्वपूर्ण हिस्सा है और सभी को अपने कर्तव्यों को ईमानदारी एवं निष्ठा से निर्वहन करना चाहिए। इस दौरान पूर्व अध्यक्ष भीमाराम चौधरी लादूसिंह, पुरुषोत्तम राजपुरोहित, सूजनाराम बिश्नोई सहित अनेक वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने अपने विचार रखें।

# नवागंतुक थाना प्रभारी बच्छराज चौधरी का मुस्लिम समाज ने किया भव्य स्वागत

**-कानून व्यवस्था सुदृढ़ होने की जताई उम्मीद**

बनेड़ा (रॉयल पत्रिका)। बनेड़ा पुलिस थाने में नवनियुक्त थाना प्रभारी बच्छराज चौधरी के पदभार ग्रहण करने पर मंगलवार को मुस्लिम समाज द्वारा उनका आत्मीय स्वागत किया गया। थाना परिसर में आयोजित एक सादे समारोह में समाज के प्रबुद्धजनों ने राजस्थानी परंपरा का निर्वहन करते हुए नए थानाधिकारी का अभिनंदन किया। स्वागत समारोह के दौरान मुस्लिम समाज के लोगों ने थानाधिकारी बच्छराज चौधरी को साफा बंधवाकर और माला पहनाकर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान मुंह मीठा करवाकर उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दी गईं। इस अवसर पर उपस्थित



लोगों ने आशा व्यक्त की कि थानाधिकारी बच्छराज चौधरी के नेतृत्व में बनेड़ा क्षेत्र में कानून-व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी। साथ ही, अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण लगेगा और क्षेत्र में आपसी भाईचारा व सौहार्द कायम रहेगा। स्वागत करने वालों में प्रमुख रूप से नियाज मोहम्मद सिलावट, एडवोकेट इकबाल मोहम्मद छिपा, मुस्लिम महासभा के जिलाध्यक्ष इकबाल मोहम्मद शाह, नसीम छिपा, इमरान खान पठान, इमरान अंसारी, एडवोकेट निसार छिपा और इमरान पठान सहित समाज के कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# पूर्व पार्षद भंवरू खान को दी श्रद्धांजलि, रक्तदान शिविर लगाकर पिता की पुण्यतिथि पर बेटे ने लगाया रक्तदान शिविर

**-375 से अधिक युवाओं ने किया रक्तदान**

चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर पूर्व पार्षद भंवरू खां की दूसरी पुण्यतिथि पर उनके बेटे अजीज खान ने रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शहर के वार्ड 58 में आयोजित इस शिविर में 375 से अधिक युवाओं ने दोपहर दो बजे तक रक्तदान किया। शिविर का उद्घाटन विधायक हरलाल सहारण, मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. एमएम पुकार और भाजपा जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा, डॉ. नदीम, डॉ. हुसैन, डीएसपी इस्माइल खां ने किया। शहर के युवाओं ने इस पहल में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विधायक हरलाल सहारण ने भंवरू खां को नेक, ईमानदार और मेहनतकश इंसान बताया, जिनका जीवन मानव सेवा को समर्पित था। शिविर आयोजक अजीज खान ने भी बताया कि उनके पिता ने अपना पूरा जीवन पीड़ित मानव की सेवा में लगाया। मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल डॉ.




एमएम पुकार ने कहा कि पिता की पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर का आयोजन करना उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि है। उन्होंने अजीज खान के इस कार्य को बेटे का धर्म निभाने जैसा बताया। डीबी अस्पताल की टीम ने शिविर में रक्त संग्रह किया।विधायक सहारण ने रक्तदान करने वाले युवाओं को प्रशस्ति पत्र भेंटकर उनका उत्साह बढ़ाया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष अख्तार खान, अनीश मौलाना, अलाउदिन, लियाकत खां, अल्लादीन खां यूनुस खां, पूर्व पार्षद भंवरु खान को दी श्रद्धांजलि पूर्व पार्षद भंवरु खान को दी श्रद्धांजलि फारूक खान, सिकंदर खान, सत्तार खां, आरिफ खां, असलम खान, इमरान खान, जावेद खान, मोहम्मद सलीम पावटे, सतार सदर,पूर्व पार्षद नजमा बानो, पार्षद तौफीक खान, साहरूक खान सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

# युवा कायमखानी वेलफेयर सोसाइटी का सम्मान समारोह

**-मौलाना अबुल कलाम आजाद एजुकेशन इंस्टिट्यूट में संपन्न हुआ**

चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर युवा कायमखानी वेलफेयर सोसायटी द्वारा मौलाना अबुल कलाम आज़ाद एजुकेशनल इंस्टिट्यूट युवा कायमखानी वेलफेयर सोसाइटी का सम्मान समारोह, उस्मानाबाद कॉलोनी में सम्मान समारोह का आयोजन समाजसेवी हाजी जोरावर खां थानेदार कि अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम कि शुरुआत वेलफेयर संरक्षक हाजी जोरावर खां थानेदार, आज़म अली खां पूर्व सरपंच, हाजी शफी खां चायल, हाजी निजामुद्दीन खां रिटायर्ड रेलवे लोको पायलेट, मुमताज़ खां राणासर एवं आज़म अली खां पीटीआई,(प्रतिनिधि आबिद खान) स्वर्गीय हाजी रसूल खां अखाण (प्रतिनिधि अयूब खां) स्वर्गीय गुलाम नबी खां नेता जी(प्रतिनिधि इस्माइल खां) क़ो माला एवं शॉल भेटकर किया गया। कार्यक्रम में पिछले दिनों सदस्यों द्वारा अपने-अपने फिल्ड में उत्कृष्ट कार्य पर संस्था द्वारा माला, शाफा और मोमेंटो भेट कर सम्मानित



किया गया। सम्मानित होने वाले सदस्यों में हबीब खां मलवाण क़ो हेड कांस्टेबल, याकूब खां क़ो ASI, अयूब खां पीथीसर क़ो हेड कांस्टेबल, अरशद खां नव ज्ञान ज्योति स्कूल क़ो दिल्ली लेवल सम्मान, आजम खां पीथीसर क़ो वक्फ जिलाध्यक्ष, हनीफ खां, वक्फ जिलासचिव, शमशेर भालू खां सहजूसर क़ो सचिव प्रदेश कॉंग्रेस सेवादल, फरियाद खां पीथीसर क़ो अध्यक्ष वसीसी, इम्तियाज़ खां आसलू क़ो डॉक्टर, मैनुदीन खां फतेहखानी क़ो चीफ वेलफेयर इंस्पेक्टर, जावेद खां दौलतखानी क़ो VDO, इस्लाम खां सहजूसर क़ो अध्यापक नियुक्ति पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में हसन खां एडवोकेट, आबिद खां मंसूर, मुंशी खां चायल, सिकंदर खां दौलतखानी, रिजवान खां दिलावरखानी, इनायत खां मोयल, शमशेर भालू खां सहजूसर, इस्माइल खां(गुलाम नबी खां), मुराद खां एलमाण, असलम खां दुलेखानी, तुफेल खां सहजुसर, रहमान खां राणासर, आरिफ खां खानजानी, सद्दाम खां, युसूफ खां, डॉक्टर इदरीश खां, अयूब खां PHED, गुलशन खां, आरिफ खां जसरासर, अनवर हबीब खां, इमरान दिलावर, गफफार खां राणासर, इरफ़ान खां पीथीसर आदि सदस्य मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन मैनुद्दीन खान फतेह खानी ने किया। वेलफेयर के अध्यक्ष रिजवान खान ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# हामिद रंगरेज शहर अध्यक्ष और इकबाल मोहम्मद शाह ग्रामीण अध्यक्ष नियुक्त

बनेड़ा (रॉयल पत्रिका)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी के निदेर्शानुसार भीलवाड़ा शहर अध्यक्ष हामिद रंगरेज व ग्रामीण जिला अध्यक्ष इकबाल मोहम्मद शाह को अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति की खबर मिलते ही जिले में हर्ष की लहर दौड़ गई। बनेड़ा कांग्रेस कार्यालय में इकबाल मोहम्मद शाह को माला व साफा बंधवाकर जबरदस्त स्वागत किया गया। कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी व प्रदेश अध्यक्ष एमडी चोपदार का नारा लगाकर कांग्रेस कार्यालय को गूंज उठा



और कांग्रेस कार्यालय पर जबरदस्त आतिशबाजी की गई। नियुक्ति के बाद जिला अध्यक्ष हामिद रंगरेज ग्रामीण जिला अध्यक्ष इकबाल मोहम्मद शाह ने कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रदेशाध्यक्ष एम.डी. चैपदार एवं मांडलगढ़ नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष जफर अली को बधाई दी। इकबाल मोहम्मद शाह ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पार्टी ने उन पर जो विश्वास जताया है, उसे वे पूरी निष्ठा और प्रतिबद्धता के साथ निभाएंगे। इकबाल शाह ने कहा कि वे सभी को जोड़ने, संगठन को जिले में मजबूत बनाने और प्रदेश नेतृत्व की नीतियों एवं योजनाओं को जिले के आखिरी व्यक्ति तक पहुँचाने के लिए तैयार रहूंगा। इस दौरान मांडलगढ़ पूर्व अध्यक्ष जफर अली टाक, विधायक प्रत्याशी नरेंद्र कुमार रेगर, आरिफ खान, बनेड़ा ब्लॉक अध्यक्ष नारायण लाल गाडरी, इब्राहिम खान पठान, नियाज मोहम्मद सिलावट, समाजसेवी इमरान अंसारी, पिंटू शाह, इमरान पठान आदि लोग मौजूद रहे।

# दाई हलीमा मैटरनिटी एण्ड जनरल हॉस्पिटल, भीलवाड़ा में निःशुल्क जाँच एवं परामर्श शिविर आयोजित

भीलवाड़ा (रॉयल पत्रिका)। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजना के अंतर्गत मंगलवार 09 दिसंबर 2025 को प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक दाई हलीमा मैटरनिटी एण्ड जनरल हॉस्पिटल, भीलवाड़ा में गर्भवती महिलाओं के लिए निःशुल्क जाँच एवं परामर्श शिविर आयोजित किया गया है। इस शिविर में वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञों द्वारा पूर्णतः निःशुल्क जाँच एवं परामर्श उपलब्ध कराया गया। शिविर में आने वाली गर्भवती महिलाओं को आवश्यकता के अनुसार मेडिसिन एवं पोषाहार किट भी निःशुल्क वितरित की गई। यह आयोजन सोशल वेलफ़ेयर सोसाइटी, भीलवाड़ा के सौजन्य से किया गया।

# लायंस क्लब चूरू की 'चार्टर नाईट' में गूंजा सेवा का संकल्प

**-प्रान्तपाल सुधीर वाजपेयी ने क्लब के सेवा कार्यों को बताया प्रान्त के लिए अनुकरणीय**

**-बालकिशन राजगढ़िया बने 'लॉयन ऑफ द ईयर', विभिन्न क्लबों की मौजूदगी से समारोह हुआ भव्य**

**मोहम्मद अली पठान**

चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर स्थानीय जैन गेस्ट हाउस के प्रांगण में कल रात्रि लायंस क्लब चूरू का 'चार्टर नाईट' समारोह भव्यता और गरिमा के साथ संपन्न हुआ। समारोह की अध्यक्षता क्लब अध्यक्ष लायन राजीव शर्मा ने की, जबकि मुख्य अतिथि प्रान्तपाल लायन सुधीर वाजपेयी थे। कार्यक्रम में अति विशिष्ट अतिथि सह प्रान्तपाल प्रथम लायन डॉ. आशुतोष वशिष्ठ, सह प्रान्तपाल द्वितीय लायन आर.एस. मदान, मुख्य वक्ता पूर्व प्रान्तपाल लायन श्रवण केजरीवाल, विशिष्ट अतिथि प्रांतीय सचिव लायन बालकिशन राजगढ़िया, रीजन चैयरमेन लायन डॉ. एन.एस. नरुका और ज़ोन चैयरमेन लायन चंद्रप्रकाश खत्री ने मंच की शोभा बढ़ाई। निवर्तमान अध्यक्ष लायन अनुराग शर्मा, सचिव लायन संजीव कुमार वर्मा, कोषाध्यक्ष लायन आकाश सोनी और कार्यक्रम संयोजक लायन मुकुल सिगतिया भी मंचासीन रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ क्लब चार्टर के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। ध्वज वंदना लायन सुनील रंजन टकणेत ने की तत्पश्चात विश्व शान्ति हेतु मौन प्रार्थना कर राष्ट्र गान किया गया। अतिथियों का माल्यार्पण एवं दुपट्टा पहनाकर स्वागत करने के पश्चात क्लब अध्यक्ष लायन राजीव शर्मा ने अपने स्वागत उद्बोधन में पधारे हुए सभी अतिथियों, बाहर से आए क्लब पदाधिकारियों, शहर के गणमान्य नागरिकों और दानदाताओं का शब्दों से आत्मीय स्वागत किया। तत्पश्चात, क्लब सचिव लायन संजीव कुमार वर्मा ने सदन के समक्ष पिछले डेढ़




वर्षों में क्लब द्वारा समाज हित में किए गए विभिन्न सेवा कार्यों का विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, जिसकी सभी ने सराहना की। समारोह का मुख्य आकर्षण सम्मान सत्र रहा, जिसमें क्लब के आधारस्तंभ संस्थापक सदस्य लायन चंद्रशेखर अग्रवाल और डॉ. एस.एम. शर्मा का विशेष सम्मान किया गया। समाज सेवा में निरंतर आर्थिक सहयोग देने वाले भामाशाहों—गौरीशंकर निर्मला देवी मंडावेवाला फाउंडेशन, गणेश जी गोयनका, शेरुजी गोयनका, मूलचंद जी बुगालिया, गुंजन राजगढ़िया फाउंडेशन, चंद्रशेखर अग्रवाल, हाकिम खान, अनवर खान, राजीव चाहर, रामचंद्र राजोतिया, बालकिशन राजगढ़िया, हुक्मीचंद लोहिया, महेश गोयनका, जाकिर कुरेशी, महेंद्र राजगढ़िया, डूंगरमल बजाज आदि का सम्मान किया गया। इसके अतिरिक्त, सेवा गतिविधियों के संचालन हेतु निःस्वार्थ भाव से स्थान उपलब्ध करवाने के लिए श्री राम मंदिर, पार्वती भवन और दादू भवन के प्रतिनिधियों का भी अभिनंदन किया गया। इसी कड़ी में क्लब सेवा गतिविधियों हेतु धन संग्रह कार्यक्रम में सर्वाधिक धन संग्रह करने वाले सदस्यों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

क्लब की गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करते हुए सदस्यों को 100% उपस्थिति पिन प्रदान की गई। इसी क्रम में लायन बालकिशन राजगढ़िया द्वारा प्रायोजित 'सर्वाधिक उपस्थिति ट्रॉफी' से लायन चंद्रप्रकाश खत्री, सुनील रंजन टकणेत और रामचंद्र राजोतिया को नवाजा गया। कार्यक्रम के दौरान एक महत्वपूर्ण क्षण राजगढ़िया एम्पोरियम द्वारा प्रायोजित क्लब डायरेक्टरी का विमोचन रहा, जिसे मंचस्थ अतिथियों ने संयुक्त रूप से जारी किया। समारोह का बौद्धिक सत्र अत्यंत प्रभावशाली रहा। अपने उद्बोधन में रीजन चैयरमेन डॉ. एन.एस. नरुका और प्रांतीय सचिव लायन बालकिशन राजगढ़िया ने क्लब की एकजुटता और अनुशासन की सराहना की। सह प्रान्तपाल प्रथम डॉ. आशुतोष वशिष्ठ ने कहा कि लायंस क्लब चूरू ने अपनी परंपराओं को कायम रखते हुए सेवा के नए आयाम स्थापित किए हैं। सह प्रान्तपाल द्वितीय लायन आर.एस. मदान ने सदस्यों को प्रेरित करते हुए कहा कि समाज सेवा ही लायनवाद का मूल मंत्र है और चूरू क्लब इसे चरितार्थ कर रहा है। मुख्य वक्ता एवं पूर्व प्रांतपाल श्रवण केजरीवाल ने क्लब के 7 नए सदस्यों शंकरलाल सैनी, कमल जांगिड़, रघुवीरसिंह गुरावा, महेश हारीत, राकेश सैनी, CA डॉ. विनोद भार्गव, मोहम्मद अल्ताफ को सेवा और निष्ठा की शपथ दिलाई। उन्होंने अपने ओजस्वी उद्बोधन में नए सदस्यों से कहा कि लायंस पिन धारण करना गर्व की बात है, लेकिन इसके साथ ही समाज के वंचित वर्ग के प्रति हमारी जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। समारोह के मुख्य अतिथि प्रान्तपाल लायन सुधीर वाजपेयी ने अपने विस्तृत और प्रेरक उद्बोधन में क्लब की गतिविधियों की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। उन्होंने सचिव द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन पर विशेष टिप्पणी करते हुए कहा कि "लायंस क्लब चूरू ने पिछले डेढ़ साल में सेवा का जो इतिहास लिखा है, वह पूरे जिले के लिए अनुकरणीय है। चाहे वह चिकित्सा शिविर हो, जरूरतमंदों की आर्थिक सहायता हो या अन्य सामाजिक सरोकार, इस क्लब ने हर क्षेत्र में अपनी संवेदनशीलता का परिचय दिया है।" उन्होंने आगे कहा कि "समाज के भामाशाहों का क्लब के साथ इतनी बड़ी संख्या में जुड़ना और लगातार सहयोग करना, क्लब की विश्वसनीयता और पारदर्शिता का प्रमाण है। आपकी सेवा गतिविधियां केवल रस्म अदायगी नहीं, बल्कि धरातल पर उतरकर किया गया ठोस कार्य है, जिसने आमजन के जीवन को प्रभावित किया है।"

सम्मान समारोह की कड़ी में निवर्तमान अध्यक्ष लायन अनुराग शर्मा ने प्रांतीय सचिव लायन बालकिशन राजगढ़िया को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए 'लायन ऑफ द ईयर' के प्रतिष्ठित खिताब से नवाजा। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम संयोजक लायन मुकुल सिगतिया ने सभी का आभार व्यक्त किया। सभा का अत्यंत शानदार और प्रभावी संचालन ज़ोन चैयरमेन लायन चंद्रप्रकाश खत्री ने किया समारोह में क्लब सदस्य सपरिवार उपस्थित रहे। कार्यक्रम की भव्यता में चार चांद लगाने के लिए, लायंस क्लब झुंझुनूं, झुंझुनूं गौरव, रतनगढ़ प्रेरणा, सुजानगढ़, तारानगर, फतेहपुर, सीकर, सीकर प्राइड और सीकर कल्याण धनी के पदाधिकारी व सदस्यों ने भी विशेष रूप से शिरकत की। साथ ही चूरू शहर के अनेक गणमान्य नागरिक भी इस अवसर पर मौजूद रहे।

# सांचौर में सांसद खेल महोत्सव का आगाज 1030 खिलाड़ी दिखाएंगे दमखम

**-कुल 6 विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित होगी**

सांचौर (रॉयल पत्रिका)। सांचौर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में सांसद खेल महोत्सव के तहत विधानसभा स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ हुआ महोत्सव में सांचौर विधानसभा क्षेत्र के 16 क्लस्टर से कुल 1030 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। आयोजन के तहत विभिन्न खेल प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है जिनका उद्देश्य ग्रामीण व शहरी युवाओं को खेलों का मंच प्रदान कर खेल भावना को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम का उद्घाटन एसडीएम प्रमोद कुमार ने किया, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी विमला यादव ने अध्यक्षता की उद्घाटन मुकाबला कारोला और बावरला टीमों के बीच खेला गया,एसडीएम प्रमोद कुमार ने खिलाड़ियों से परिचय



प्राप्त कर टॉस करवाया और प्रतियोगिता का विधिव शुभारंभ किया। इस अवसर पर एसडीएम प्रमोद कुमार ने कहा कि खेल केवल शारीरिक विकास तक सीमित नहीं होते बल्कि अनुशासन टीम भावना और नेतृत्व क्षमता के विकास में भी हम भूमिका निभाते हैं खेलों से युवाओं में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही है सीबीईओ विमला यादव ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेल विद्यार्थियों के सर्वगिन विकास के लिए आवश्यक है। सांसद खेल महोत्सव जैसे आयोजन ग्रामीण क्षेत्र की छुपी प्रतिभाओं को सामने लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया वह खेल के क्षेत्र में खुद परिवार जिले राज्य व देश का नाम रोशन करें।

# हजरत रोशन अली शाह दुर्वेश का 128 वाँ उर्स 18 से 21 दिसम्बर तक

जोधपुर (रॉयल पत्रिका)। उदयमन्दिर आसन स्थित हजरत रोशन अली शाह दुर्वेश रहमतुल्लाह अलैय का 128 वां उर्स पूरे अहतराम के साथ रोशन अली दुर्वेश चौक में 18 से 21 दिसम्बर 2025 तक मनाया जायेगा। जिसमें शहर एवं आस-पास के जायरीन शिरकत करेंगे। कमेटी के सचिव नईम मोहम्मद भाटी ने बताया की उर्स जेरे निगरानी सज्जादा नशीन हजरत पीर नजमुद्दीन सुलेमानी चिश्ती अल फारूकी की सरपरस्ती में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेगें। कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद रमजान कुरेशी (भूरजी) ने बताया कि इस चार रोजा उर्स में खिराजे अक़ीदत का कार्यक्रम 19 दिसम्बर को रखा जायेगा। इसके बाद हमेशा की तरह उर्स के पहले दिन झंडे की रस्म के साथ मीलाद शरीफ व तकरीर रखी जायेगी। 19 दिसम्बर चादर शरीफ अखाड़ा मय जुलूस तमाम मौजिज एवं दानिशता लोगो के साथ निकाला जायेगा। इसी दिन बाद नमाजे इशां के दो रोजा सूफी कव्वाली का आयोजन किया जायेगा जिसमें जोधपुर के कव्वाल कव्वाली पेश करेंगे। तथा दूसरे दिन 20 दिसम्बर को दिल्ली के मशहूर कव्वाल चांद अफजल कादरी अपनी सूफीयाना कव्वाली पेश करेंगे। जिसकी तैयारियां चल रही है। 21 दिसम्बर 2025 को बाद नमाजे अस्र कुल की रस्म अदा की जायेगी। साथ ही उर्स के पोस्टर विमोचन का कार्यक्रम भी शीघ्र किया जायेगा।

## आवश्यकता

जयपुर से प्रकाशित होने वाले अख़बार "रॉयल पत्रिका" को सीकर, झुंझुनूं के लिए रिपोर्टर की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार। संपर्क करें - 8058969180/9799559096

# तीन गोल्ड, चार रजक पदक जीतकर अब्दुल कादिर ने देश का नाम रोशन किया

रतलाम। रतलाम के दिव्यांग तैराक अब्दुल कादिर ने दुबई एशियन यूथ पैरा गेम्स में तीन गोल्ड और एक ब्रांज पदक जीतकर भारत का नाम रोशन किया। बचपन के हादसे के बाद तैराकी में उन्होंने अंतरराष्ट्रीय पहचान बनाई। एक हादसे में बचपन में अपने दोनों हाथ गंवाने वाले रतलाम के दिव्यांग तैराक अब्दुल कादिर इंदौरी ने दुबई में आयोजित एशियन यूथ पैरा गेम्स में चार पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया है। उन्होंने चार इवेंट में भाग लेकर तीन स्वर्ण और एक कांस्य पदक अपने नाम किए। उनकी इस उपलब्धि की खेल जगत और शहरभर में सराहना हो रही है।

**अंतरराष्ट्रीय मंच पर शानदार प्रदर्शन:-**

दुबई में आयोजित एशियन यूथ पैरा गेम्स में अब्दुल कादिर ने 50 मीटर बटरफ्लाई, 50 मीटर बैकस्ट्रोक और 100 मीटर फ्री स्टाइल इवेंट में पहला स्थान हासिल कर गोल्ड मेडल जीते। इसके साथ ही उन्होंने 50 मीटर बटरफ्लाई इवेंट में तीसरा स्थान प्राप्त कर ब्रांज मैडल (रजत पदक) भी अपने नाम किया। चारों इवेंट में उनका प्रदर्शन चर्चा का विषय बना रहा।

**कोच के मार्गदर्शन में निखरी प्रतिभा:-**

अब्दुल कादिर के कोच राजा राठौड़ के अनुसार, लगभग छह वर्ष की उम्र में हाईटेंशन लाइन से करंट लगने के कारण अब्दुल ने अपने दोनों हाथ खो दिए थे। इसके बावजूद उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और एक वर्ष बाद तैराकी का प्रशिक्षण लेना शुरू किया। कोच के मार्गदर्शन




में कुछ ही समय में उन्होंने तैराकी में दक्षता हासिल कर ली और प्रतियोगिताओं में लगातार सफलताएं प्राप्त करने लगे।

**एशियन यूथ पैरा गेम्स तक का सफर:-**

दुबई में आयोजित यह पांचवां यूथ एशियन पैरा गेम्स था, जिसमें 18 वर्ष तक के खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। खिलाड़ियों का ट्रायल ग्वालियर में हुआ था, जहां देशभर से आए प्रतिभागियों में से अब्दुल कादिर सहित पांच-छह तैराकों का चयन दुबई एशियन यूथ पैरा गेम्स-2025 के लिए किया गया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न खेलों के कुल 162 खिलाड़ी शामिल हुए थे।

**भविष्य की बड़ी प्रतियोगिताओं पर नजर:-**

अब्दुल कादिर इससे पहले वर्ल्ड चैंपियनशिप में भी हिस्सा ले चुके हैं, जिसमें ओलंपिक में कई पदक जीतने वाले जापान और चीन के तैराकों ने भाग लिया था। उस प्रतियोगिता में उन्होंने नौवीं रैंक हासिल की थी। उनके कोच और समर्थकों को उम्मीद है कि आगे वे सीनियर स्तर पर ओलंपिक और एशियन गेम्स में भी भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

**छत पर खेलते समय हुआ था हादसा:-**

करीब 18 वर्षीय अब्दुल कादिर का जीवन संघर्षों से भरा रहा है। वर्ष 2014 में रतलाम की कलीमी कॉलोनी स्थित अपने घर की छत पर खेलते समय वे हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गए थे। हादसे में उनके दोनों हाथ खराब हो गए, जिन्हें अलग करना पड़ा। इस कठिन दौर के बाद उन्होंने तैराकी को अपनाया और उसे अपनी ताकत बनाया। दुबई प्रतियोगिता से पहले वे पैरा स्पोर्ट्स की राष्ट्रीय स्पर्धा में 9 गोल्ड और 3 सिल्वर मेडल भी जीत चुके हैं।

# फेस नेशनल हेल्थ अवार्ड में राजस्थान से पहुंचे पूर्व वक्फ कमेटी चेयरमैन माजिद सलीम का हुआ विशेष सम्मान

नई दिल्ली/बारां (रॉयल पत्रिका)। देश में स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में निःस्वार्थ योगदान देने वाले चिकित्सकों, नर्सिंग अधिकारियों, चिकित्सा संस्थानों और सामाजिक कार्यकर्ताओं को सम्मानित करने के उद्देश्य से फेस ग्रुप द्वारा फेस नेशनल हेल्थ अवार्ड 2025 का आयोजन राजधानी दिल्ली के कांस्टीट्यूशन क्लब ऑफ़ इंडिया में किया गया। राष्ट्रीय स्तर के इस सम्मान समारोह ने स्वास्थ्य जागरूकता, सेवा और सामाजिक उत्तरदायित्व का सशक्त संदेश दिया। इस अवसर पर "हेल्थ अवेयरनेस फ़ॉर अ बेटर टुमारो" विषय पर एक विशेष व्याख्यान कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसमें स्वास्थ्य से जुड़ी वर्तमान चुनौतियों और भविष्य की ज़रूरतों पर चर्चा हुई। कार्यक्रम में दिल्ली पुलिस के विशेष आयुक्त (विजिलेंस विभाग) अजय चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि समारोह की अध्यक्षता सर्व समाज राष्ट्रीय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ताहिर सिद्दीकी ने की। फेस ग्रुप के चेयरमैन डॉ. मुश्ताक अंसारी के नेतृत्व में आयोजित इस राष्ट्रीय समारोह में अनेक विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति रही। इनमें रामपुर से लोकसभा सांसद मौलाना मोहिब्बुल्लाह नदवी, डॉ. मोहसिन वली, विधायक डॉ. अनिल गोयल, विधायक चौधरी जुबैर अहमद, शाहदरा दक्षिण ज़ोन दिल्ली नगर निगम के उपाध्यक्ष राजू सचदेवा, योग गुरु आचार्य डॉ. विक्रमादित्य, गुरचरण सिंह राजू, ज़ाकिर ख़ान, शौकत एच. एच. मुफ़्ती, एम. एस. रावत, उमर सैफ़ी, चाँद मोहम्मद सैफ़ी, रियाजुद्दीन अंसारी, काजल



सूरी, शफ़ीक़-उल-हसन, मारूफ़ रज़ा, सूफ़ी सैयद वाजिद अली, सादिक़ शेरवानी और मोहम्मद इलियास सैफ़ी प्रमुख रूप से मौजूद रहे। इस राष्ट्रीय कार्यक्रम में राजस्थान के बारां ज़िले से विशेष रूप से शामिल हुए माजिद सलीम, पूर्व चेयरमैन, जिला वक्फ कमेटी बारां, की उपस्थिति ने समारोह को अलग पहचान दी। माजिद सलीम लंबे समय से शैक्षिक, सामाजिक और सामुदायिक संस्थाओं से जुड़े रहे हैं और अल्पसंख्यक समाज के शैक्षिक सशक्तिकरण में उनकी सक्रिय भूमिका रही है। कार्यक्रम के दौरान माजिद सलीम ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा से जुड़े लोगों को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया जाना समाज के लिए प्रेरणादायी है। उन्होंने कहा कि चिकित्सक, नर्सिंग कर्मी और स्वास्थ्य संस्थाएँ कठिन परिस्थितियों में भी मानवता की सेवा करती हैं और ऐसे प्रयासों को मंच देकर सम्मानित करना समय की आवश्यकता है। उन्होंने फेस ग्रुप की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि फेस नेशनल हेल्थ अवार्ड जैसे आयोजन स्वास्थ्य जागरूकता को ज़मीनी स्तर तक मज़बूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने आशा जताई कि भविष्य में भी इस प्रकार के राष्ट्रीय कार्यक्रम निरंतर आयोजित होते रहेंगे।

# 900 करोड़ के घर में होंगे शिफ्ट जोहरान ममदानी, न्यूयॉर्क का मेयर बनते ही किया बड़ा फैसला

न्यूयॉर्क (एजेंसी)। न्यूयॉर्क के नव निर्वाचित मेयर जोहरान ममदानी ने मंगलवार (9 दिसंबर 2025) को सुरक्षा का हवाला देते हुए कहा कि वह जनवरी में मेयर का कार्यभार संभालने के बाद पत्नी के साथ ग्रेसी मेंशन में शिफ्ट हो जाएंगे। ममदानी फिलहाल न्यूयॉर्क के एस्टोरिया में किराए के एक फ्लैट में रहते हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर कहा कि यह निर्णय परिवार की सुरक्षा और न्यूयॉर्क के लोगों के एजेंडे को ध्यान में रखते हुए लिया गया है।

**पत्नी के साथ ग्रेसी मेंशन में शिफ्ट होंगे ममदानी**

ममदानी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर लिखा, "मेरी पत्नी रमा दुआजी और मैंने जनवरी में ग्रेसी मेंशन में शिफ्ट होने का फैसला किया है।" नवनिर्वाचित मेयर ने लिखा कि एस्टोरिया में उनका घर कितना खास है और यह इलाका उनके अंदर हमेशा जिंदा रहेगा। हमें यहां का सब कुछ बहुत याद आएगा। ममदानी ने पिछले महीने मेयर का चुनाव बड़े अंतर से जीता। वह 100 से ज्यादा सालों में न्यूयॉर्क के सबसे कम उम्र के मेयर होंगे।

**अब 900 करोड़ के आलीशान घर में रहेंगे ममदानी**

ममदानी फिलहाल अपने न्यूयॉर्क वाले अपार्टमेंट के लिए हर महीने 2,300 डॉलर्स यानी लगभग 2।07 लाख रुपए चुकाते हैं। ममदानी जनवरी 2026 में जिस ग्रेसी मेंशन मे शिफ्ट होने वाले हैं वह नदी किनारे स्थित किसी स्वर्ग से कम नहीं है। इसकी कीमत 100 मिलियन डॉलर्स यानी लगभग 900 करोड़ रुपए बताई जा रही है। इसे साल 1799 में



बिजनेसमैन आर्किबाल्ड ग्रेसी ने बनवाया था।

**इमिग्रेशन मुद्दे को लेकर ट्रंप को दी चुनौती**

न्यूयॉर्क शहर के मेयर पद का चुनाव जीतते ही डेमोक्रेटिक नेता जोहरान ममदानी ने इमिग्रेशन को लेकर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को चुनौती दे दी। उन्होंने कहा कि उनके प्रवर्तन अभियान के लिए आपको हम सभी से होकर गुजरना होगा। नवनिर्वाचित मेयर ने कहा कि एक अप्रवासी के नेतृत्व वाला शहर हमेशा अप्रवासियों का स्वागत करेगा। ममदानी ने कहा, "डोनाल्ड ट्रंप, चूंकि मुझे पता है कि आप देख रहे हैं, मेरे पास आपके लिए चार शब्द हैं-टर्न द वॉल्यूम अप (वॉल्यूम बढ़ा दीजिए)।"

# पाकिस्तान, तुर्की समेत 8 मुस्लिम देश हुए इजरायल के खिलाफ एकजुट

## -पूर्वी येरूशलम में UNRWA मुख्यालय पर IDF के हमले की निंदा

इस्लामाबाद (एजेंसी)। पाकिस्तान, तुर्की सहित आठ प्रमुख मुस्लिम देश एक मामले में इजरायल के खिलाफ एकजुट हो गए हैं। इन सभी देशों ने फिलिस्तीनी शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र राहत एजेंसी (UNRWA) का मजबूत समर्थन व्यक्त किया है। साथ ही यूएनआरडब्ल्यूए के दफ्तर पर इजरायली सैनिकों के हमले की निंदा भी की है। देशों ने कहा कि अभूतपूर्व मानवीय संकट के बीच गाजा में इसकी यूएनआरडब्ल्यूए की भूमिका "अतुलनीय" है।

**पाकिस्तान ने जारी किया बयान**

पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को एक संयुक्त बयान जारी किया है। इसमें पाकिस्तान, मिस्र, इंडोनेशिया, जॉर्डन, कतर, सऊदी अरब, तुर्की और संयुक्त अरब अमीरात के विदेश मंत्रियों ने "फिलिस्तीनी शरणार्थियों के अधिकारों और कल्याण की रक्षा में संयुक्त राष्ट्र राहत एवं कार्य एजेंसी फॉर फिलिस्तीन रिफ्यूजीज इन द नियर ईस्ट (UNRWA) की अपरिहार्य भूमिका" की पुनः पुष्टि की। बयान में कहा गया कि दशकों से UNRWA अंतरराष्ट्रीय समुदाय द्वारा सौंपी गई अनोखी जिम्मेदारी निभा रहा है। यह अपने कार्यक्षेत्रों में लाखों फिलिस्तीनी शरणार्थियों को सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं, सामाजिक सेवाएं और आपातकालीन सहायता प्रदान करता रहा है।

**गाजा में यूएनआरडब्ल्यूए के कार्यों को सराहा**

आठों देशों ने गाजा पट्टी में अभूतपूर्व मानवीय संकट के मद्देनजर UNRWA की उस आवश्यक भूमिका पर जोर दिया जो वह अपने वितरण केंद्रों के नेटवर्क के माध्यम से मानवीय सहायता पहुंचाने में निभा रहा है। इससे जरूरतमंदों तक भोजन, राहत सामग्री और बुनियादी जरूरतें निष्पक्ष और कुशलता से पहुंच रही हैं," बयान में कहा गया। मंत्रियों ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा UNRWA के जनादेश को अतिरिक्त तीन वर्षों के लिए नवीनीकृत करने का निर्णय एजेंसी की महत्वपूर्ण भूमिका और उसके संचालन की निरंतरता में अंतरराष्ट्रीय समुदाय के विश्वास को दर्शाता है। बयान में कहा गया कि गाजा में शरणार्थी समुदायों के लिए UNRWA के स्कूल और स्वास्थ्य सुविधाएं जीवनरेखा बने हुए हैं तथा इसकी भूमिका "अतुलनीय" है। कोई अन्य संस्था के पास फिलिस्तीनी शरणार्थियों की जरूरतों को पूरा करने या आवश्यक पैमाने पर सेवाओं की निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए जरूरी बुनियादी ढांचा, विशेषज्ञता और मौके पर उपस्थिति नहीं है।

# बाबरी मस्जिद निर्माण के लिए हुमायूं कबीर को अब तक मिला 5 करोड़ का चंदा, सोने के कई गहने भी



कलकत्ता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) विधायक हुमायूं कबीर मुर्शिदाबाद जिले में "बाबरी मस्जिद" के अपने सपने को साकार करने के लिए देश-विदेश से भारी मात्रा में चंदा प्राप्त कर रहे हैं। 6 दिसंबर को बाबरी मस्जिद विध्वंस की 33वीं बरसी पर आधारशिला रखे जाने के बाद से, अब तक लगभग 5 करोड़ की राशि जुटाई जा चुकी है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, हुमायूं कबीर ने बताया कि उन्हें एक ही व्यक्ति से 1 करोड़ का चंदा देने का वादा किया गया था, जो अभी तक प्राप्त नहीं हुआ है। वह पश्चिम बंगाल इस्लामिक फाउंडेशन ऑफ इंडिया (WBIFI) द्वारा विदेशी फंडिंग प्राप्त करने के लिए बैंकिंग प्रावधान स्थापित किए जाने के बाद विदेशों से और अधिक धन प्राप्त करने की उम्मीद कर रहे हैं। उन्होंने बेहद आत्मविश्वास से कहा, "हमें कतर, सऊदी अरब, बांग्लादेश और इंग्लैंड सहित विदेशों से दान के लिए फोन आ रहे हैं।" पूर्व टीएमसी विधायक को न केवल बाबरी मस्जिद के अपने सपने पर भरोसा है, बल्कि आधारशिला समारोह में मिले भारी समर्थन के बाद अपनी नई राजनीतिक पारी पर भी पूरा भरोसा है। 23 बीघा भूमि पर बाबरी मस्जिद के निर्माण का प्रभारी डब्ल्यूबीआईएफआई की समिति के सदस्यों द्वारा प्रतिदिन शाम को दान बक्सों से जमा किए गए धन के ट्रंक गिने जाते हैं। गुरुवार को ही 23,01,495 की राशि के साथ एक सोने की अंगूठी, एक सोने की नथ और सोने की बालियां एकत्र की गईं। पार्टी द्वारा निलंबित किए जाने के बावजूद, हुमायूं कबीर का राजनीति छोड़ने का कोई इरादा नहीं है। वास्तव में, वह बंगाल की राजनीति में एक बड़ी भूमिका निभाने को लेकर आश्वस्त हैं। उन्होंने दावा किया, "चुनाव के बाद मैं किंगमेकर बनूंगा। मेरे बिना कोई सरकार नहीं बना सकता।" भरतपुर से विधायक कबीर 17 दिसंबर को पश्चिम बंगाल विधानसभा में मौजूद रहेंगे, लेकिन उनका इस्तीफा देने का कोई इरादा नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया, "मुझे यह महीना खत्म कर लेने दीजिए, मैं इस्तीफे के बारे में जनवरी में सोचूंगा।" वह 22 दिसंबर को अपनी नई पार्टी शुरू करने के लिए तैयार हैं, हालांकि उन्होंने अभी तक नाम का खुलासा नहीं किया है। कबीर असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी, एआईएमआईएम के साथ गठबंधन की उम्मीद कर रहे थे, जो सफल नहीं हो सका। वह मुर्शिदाबाद जिले में कांग्रेस और वाम मोर्चा के साथ सीट शेयरिंग का फॉर्मूला बनाना चाहते हैं, जिसकी घोषणा वह अपनी पार्टी के गठन के बाद करेंगे।

इस बीच, टीएमसी ने कबीर के 'बाबरी मस्जिद' एजेंडे से दूरी बना ली है। टीएमसी का कहना है कि यह पार्टी की समावेशी राजनीति की विचारधारा के अनुरूप नहीं है। आपको बता दें कि पश्चिम बंगाल में मुस्लिम समुदाय के लगभग 30 प्रतिशत मतदाता हैं, जबकि हिंदू अल्पसंख्यक समुदाय में शामिल मतुआ बंगाल में 17 प्रतिशत हैं। इनके वोट भाजपा और टीएमसी के बीच विभाजित हैं। जिस दिन मुर्शिदाबाद में बाबरी मस्जिद की आधारशिला रखी गई थी, टीएमसी ने एकता दिवस का आयोजन किया था। इसके माध्यम से पार्टी ने सांप्रदायिक सद्भाव के लिए खड़े होने का स्पष्ट संदेश दिया। टीएमसी ने मुर्शिदाबाद में आधारशिला समारोह से कुछ दिन पहले कबीर को दूसरी बार पार्टी से निष्कासित कर दिया था। कांग्रेस से टीएमसी में शामिल हुए कबीर ने सत्ताधारी सरकार के पहले कार्यकाल में जूनियर कैबिनेट मंत्री के रूप में कार्य किया था, इससे पहले उन्हें 2015 में पार्टी विरोधी गतिविधियों के लिए छह साल के लिए निष्कासित कर दिया गया था। इसके बाद वह 2018 में भाजपा में शामिल हो गए, लेकिन 2019 के लोकसभा चुनाव में टीएमसी से चुनाव हार गए। 6 साल का निष्कासन पूरा होने के बाद कबीर टीएमसी में फिर से शामिल हो गए थे।

# वुड कार्निंग के लिए दिलशाद को मिला शिल्प गुरु पुरस्कार

सहारनपुर। नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय हस्तशिल्प पुरस्कार समारोह में सहारनपुर ने एक बार फिर अपनी लकड़ी की उत्कृष्ट नक्काशी से देशभर में नाम रोशन किया है। विज्ञान भवन में हुए इस कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने वर्ष 2023-2024 के लिए सहारनपुर के कारीगर मोहम्मद दिलशाद को वुड कार्निंग (शीशम की सेंटर टेबल) श्रेणी में शिल्प गुरु पुरस्कार-2024 से सम्मानित किया। यह पुरस्कार देश में हस्तशिल्प कला के क्षेत्र का सर्वोच्च सम्मान माना जाता है। समारोह में कुल 12 शिल्प गुरु पुरस्कार और 36 राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किए गए। पुरस्कार पाने वालों में 20 महिला कारीगर भी शामिल रहीं। देशभर से आए उत्कृष्ट कारीगरों, डिजाइनरों और नवाचार लाने वाले युवा उद्यमियों को सम्मानित



किया गया। मोहम्मद दिलशाद को पुरस्कार दिए जाने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी सोशल मीडिया के माध्यम से बधाई दी। उन्होंने लिखा कि अत्यंत सूक्ष्म नक्काशी से बनी आपकी कृति ने प्रदेश की बहुमूल्य हस्तशिल्प परंपरा को राष्ट्रीय पहचान दिलाने में बड़ा योगदान दिया है। राष्ट्रपति मुर्मू ने इस अवसर पर कहा कि भारतीय कारीगर हमारी सांस्कृतिक विरासत के वास्तविक संरक्षक हैं। दिलशाद के सम्मान से सहारनपुर की लकड़ी की नक्काशी की परंपरा को फिर से एक नई ऊँचाई मिली है।







मुद्रक, प्रकाशक व स्वत्वाधिकारी मुन्नाखान के लिए अम्बर ऑफसेट प्राइवेट लिमिटेड, 3-A, डी एल टावर, विद्या आश्रम इंस्टीट्यूशनल एरिया, जेएलएन मार्ग, जयपुर से मुद्रित तथा रॉयल पत्रिका कार्यालय 4312, मोहल्ला नायकों का, जगन्नाथ शाह का रास्ता, नाहरबाडा, रामगंज, जयपुर से प्रकाशित। संपादक : मुन्नाखान मो. 9772552446 कार्यालय फोन - 0141-4982834 Gmail : royalpatrika@gmail.com Yahoo : royal_patrika@yahoo.com